Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 237 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### भूटान के प्रधानमंत्री दाशो त्शेरिंग से पीएम मोदी की मुलाकात

## भारत-भूटान साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भूटान के अपने समकक्ष दाशो त्शेरिंग से द्विपक्षीय बातचीत की। बैठक में सम्मान आधारित भारत-भूटान संबंधों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने ऊर्जा, कनेक्टिविटी, विकास साझेदारी और पीपुल-टू-पीपुल संपर्क में हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जन-केंद्रित और समावेशी एआई उपयोग पर जोर देते हुए एआई तथा डिजिटल टेक स्पेस में सहयोग को और तेज करने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने भरोसे, सद्भाव और आपसी सम्मान पर आधारित भारत-भूटान साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के बाद दाशो त्शेरिंग ने सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात पर प्रसन्नता जताई और ग्लोबल साउथ में एआई समिट आयोजित करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने भूटान के राजा, सरकार और जनता की ओर से शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। प्रधानमंत्री मोदी ने दिनभर में कई अहम नेताओं से मुलाकात की। उनकी पहली बैठक पेद्रो सांचेज के साथ हुई, जिसमें भारत-स्पेन सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। इसके बाद उन्होंने पेटेरी ओर्पो, अलेक्जेंडर वुचिच, आंद्रेज प्लेंकोविच, अलार कारिस और ओल्जास बेक्टेनोव से भी द्विपक्षीय वार्ता की।सोमवार से शुरू हुआ इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 समावेशी विकास, मजबूत सार्वजनिक व्यवस्था और सतत प्रगति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर केंद्रित है।

## चैतन्य महाप्रभु की भक्ति परंपरा पर अमित शाह का जोर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि वह मायापुर में स्थित इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस मंदिर के धार्मिक कार्यक्रम में अपनी आधिकारिक हैसियत से नहीं, बल्कि श्री चैतन्य महाप्रभु के अनुयायी के रूप में शामिल हुए। 19वीं सदी के वैष्णव पुनरुत्थानवादी और गौड़ीय मठ के संस्थापक भक्तिसिद्धांत सरस्वती के 152वें पवित्र अवतरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने किसी भी राजनीतिक टिप्पणी से परहेज किया और कार्यक्रम के आध्यात्मिक महत्व तथा चैतन्य महाप्रभु की भक्ति परंपरा पर जोर दिया। गृह मंत्री ने बताया कि उन्होंने समारोह में शामिल भक्तों को नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को 'हरे कृष्ण' का संदेश भेजा और इस पावन अवसर पर अपनी शुभेच्छाएं प्रेषित कीं। अमित शाह ने कहा कि उन्हें कार्यक्रम में भारत के गृह मंत्री के रूप में संबोधित किया गया, लेकिन वह वहां उस रूप में नहीं, बल्कि चैतन्य महाप्रभु के एक विनम्र भक्त के तौर पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना का संदेश समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। गृह मंत्री ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु द्वारा शुरू किए गए भक्ति आंदोलन को भक्तिसिद्धांत सरस्वती ने मजबूत और संस्थागत स्वरूप दिया।



कृष्णा कॉन्शसनेस मंदिर के धार्मिक कार्यक्रम में हुए शामिल

## जनगणना-2027 राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : मुख्यमंत्री साय

- छत्तीसगढ़ राज्य व संभाग स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत की जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए आयोजित राज्य एवं संभाग स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व को पूरी गंभीरता, सटीकता और संवेदनशीलता के साथ निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 की जनगणना स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी। जनगणना प्रशासन की विश्वसनीयता और शासन की पारदर्शिता की परीक्षा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आंकड़े अधूरे या त्रुटिपूर्ण होंगे तो विकास योजनाओं का लक्ष्य प्रभावित होगा। एक भी व्यक्ति या परिवार छूटना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे विकास की प्रक्रिया अधूरी रह सकती है। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से डेटा संकलन किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी होगी। छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। यह कार्य प्रदेश के 33 जिलों, 252 तहसीलों और 19,978 गाँवों में संपन्न किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व-गणना की सुविधा से जनभागीदारी बढ़ेगी और जनता का विश्वास ही जनगणना की सफलता का आधार है। यह कार्य विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत-2047 की नींव रखने वाला सिद्ध होगा। प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव श्री विकासशील ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसमें तथ्यों का व्यवस्थित एवं प्रमाणिक संकलन किया जाता है।

### पीएम जनमन के अमल में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

## 7160 अत्यंत पिछड़े जनजाति घरों को ग्रिड से बिजली देने का लक्ष्य पूर्ण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करते हुए देश में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इस योजना के तहत विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजातियों के 7160 घरों में ग्रिड से बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने हितग्राहियों तथा कंपनी कर्मियों को बधाई प्रेषित की है।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना की शुरूआत की गई थी जिसे पीएम जनमन के लोकप्रिय नाम से जाना जाता है। इस योजना के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ की सात विशेष पिछड़ी जनजातियों, अबुझमाड़ियों, बैगा, भारिया, पहाड़ी कोरबा, कमार, अगरिया तथा बिरहोर जनजातियों के आवासों का सर्वेक्षण किया गया था। इस योजना के अंतर्गत 7160 ऐसे आवासों को चिन्हांकित किया गया जहां ग्रिड से बिजली नहीं पहुंची थी। इन घरों को बिजली कनेक्शन देने के लिए 37 करोड़ रूपये की लागत से अधोसंरचना का विकास किया गया जिसके अंतर्गत टॉवर, लाइन, फीडर, ट्रांसफार्मर आदि की स्थापना की गई और इन्हें क्रियाशील किया गया। इस तरह छत्तीसगढ, विशेष पिछड़ी जनजातियों के 7160 घरों में बिजली कनेक्शन देने वाला देश का अव्वल राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सबसे कमजोर तबकों को ग्रिड की बिजली की सुविधा प्रदान करने के लिए किये गये कार्यों पर प्रशंसा जाहिर की है।

## शिक्षा को आधुनिक और समावेशी बनाने में एआई की भूमिका अहमः बृजमोहन अग्रवाल



**नई दिल्ली।** सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को नई दिल्ली में शिक्षा में एआई का परिचय विषय पर आयोजित शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए।

बैठक में श्री अग्रवाल ने शिक्षा व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समावेश को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि एआई न केवल शिक्षण पद्धतियों को आधुनिक बनाएगा, बल्कि छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तकनीक का उपयोग भारतीय शिक्षा व्यवस्था की मूल भावना और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए, ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सकें। बैठक के दौरान कोलंबिया यूनिवर्सिटी, अमेरिका के वाइस डीन डॉ. विशाल मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में एआई के बढ़ते प्रभाव, इसके व्यावहारिक उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एआई व्यक्तिगत शिक्षण, मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षकों की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारत जैसे युवा देश के लिए एआई आधारित शिक्षा नवाचार का माध्यम बन सकती है, बशर्ते इसे समावेशी, नैतिक और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ लागू किया जाए।

## रतनपुर में केंद्रीय सहायता प्राप्त डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट को स्वीकृतिः तोखन साहू



**नई दिल्ली।** श्री तोखन साहू, आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री, ने आज घोषणा की कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय रतनपुर, छत्तीसगढ़ में एक अग्रणी डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट को स्वीकृति देने जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कशहरी 2.0 के अंतर्गत विकसित यह परियोजना भारत के आवास क्षेत्र में 'हरित एवं उभरती प्रौद्योगिकियों' को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें छत्तीसगढ़ इनके क्रियान्वयन का प्रमुख प्रदर्शन केंद्र बनेगा। यह परियोजना 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण के साथ लागू की जाएगी, जिसमें पूर्ण केंद्रीय सहायता तथा लगभग ?10 करोड़ का अनुमानित निवेश होगा। परियोजना के अंतर्गत अभिनव, आपदा-रोधी एवं टिकाऊ प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए अधिकतम 40 उच्च-गुणवत्ता वाले आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

पारंपरिक स्वामित्व मॉडल के विपरीत, ये इकाइयाँ सामाजिक उद्देश्यों के लिए निर्धारित होंगी तथा सामुदायिक उपयोग और सिद्ध शक्ति पीठ माता महामाया के पवित्र दर्शन हेतु राज्य एवं देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं/तीर्थयात्रियों के लिए उपयोग में लाई जाएँगी।

## छत्तीसगढ़ की दो राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद केटीएस तुलसी और फूलो देवी नेताम का कार्यकाल 2 अप्रैल 2026 को समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही राज्यसभा की दो सीटें खाली हो जाएंगी। इसे लेकर चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी है। 26 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी होगा। 5 मार्च तक कैंडिडेट नामांकन भर पाएंगे। 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 मार्च तक कैंडिडेट नामांकन वापस ले सकते हैं। 16 मार्च को वोटिंग होगी। सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम 5 बजे से वोटों की गिनती होगी। 20 मार्च तक चुनाव की पूरी प्रक्रिया खत्म हो जाएगी।

केटीएस तुलसी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। वह वर्ष 2020 में छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद चुने गए थे। संसद में संवैधानिक और कानूनी मामलों पर उनकी सक्रिय भूमिका रही है।

## आईएनएस सुमेधा से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू का निरीक्षण



**विशाखापटनम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 का अवलोकन किया। स्वदेश में निर्मित ऑफशोर पेट्रोल वेसल आईएनएस सुमेधा से किए गए इस निरीक्षण में 70 से अधिक देशों की नौसेनाओं की भागीदारी रही।

राष्ट्रपति ने कहा कि इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू समुद्री परंपराओं के प्रति राष्ट्रों की एकता, विश्वास और सम्मान को दर्शाती है। उन्होंने जोर दिया कि विभिन्न ध्वजों वाले जहाजों और नाविकों की उपस्थिति इस आयोजन की थीम 'यूनाइटेड थ्रू ओशंस' को साकार करती है और वैश्विक सहयोग का सकारात्मक संदेश देती है। द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समुद्री क्षेत्र सहित अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति भारत का दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुंबकम' के आदर्शों से प्रेरित है।

## ममता सरकार बोली- ईडी केंद्र का हथियार एजेंसी ने कहा- हमें बंगाल में धमकाया



**नई दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रेड मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ममता सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) का उन राज्यों में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जहां विपक्ष की सरकार है। वहीं केंद्रीय एजेंसी ने पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी के हथियार नहीं हैं। बंगाल में ममता सरकार ने हमें धमकाया। दोनों पक्षों के बीच बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और किसे धमकाया जा रहा है, यह हम तय करेंगे।

श्वष्ठ ने ढ्ढ-क्क्रष्ट रेड मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। श्वष्ठ का आरोप है कि 8 जनवरी को के ऑफिसों पर रेड के दौरान सीएम ममता बनर्जी और बंगाल पुलिस के अधिकारियों ने उनकी कार्रवाई में रुकावट डाली।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवारई 18 मार्च तक टाल दी है। इससे पहले 3 फरवरी को सुनवाई टाली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का श्वष्ठ की जांच में बाधा डालना बहुत गंभीर मुद्दा है।

इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी एक पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी है। यह राजनीतिक दलों के लिए बड़े स्तर पर चुनावी अभियानों का काम करती है। कंपनी और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन पर करोड़ों रुपए के कोयला चोरी घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- नाड़ा खींचना, ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश



**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी लड़की के पायजामे का नाड़ा खींचना और ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश माना जाएगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें इसे रेप की कोशिश की जगह रेप की तैयारी बताया गया था।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने आपराधिक कानून के स्थापित सिद्धांतों का गलत इस्तेमाल किया है। कोर्ट ने कहा, हम हाईकोर्ट की इस बात से सहमत नहीं हैं कि आरोप केवल तैयारी तक सीमित हैं। आरोपियों की हरकत साफ तौर पर रेप की कोशिश की ओर इशारा करती है। पहली नजर में शिकायतकर्ता और अभियोजन ने रेप की कोशिश का मामला बना दिया है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 मार्च, 2025 को दिए आदेश में कहा था कि ये कृत्य रेप या रेप की कोशिश की केटेगरी में नहीं आते, इसके बाद 'अटेंप्ट टू रेप' का आरोप हटाने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट का फैसला सामने आते ही विवाद बढ़ गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर 25 मार्च, 2025 को रोक लगा दी थी। कासगंज की एक महिला ने 12 जनवरी, 2022 को कोर्ट में एक शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि 10 नवंबर, 2021 को वह अपनी 14 साल की बेटी के साथ कासगंज के पटियाली में देवरानी के घर गई थी। उसी दिन शाम को अपने घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के रहने वाले पवन, आकाश और अशोक मिल गए। पवन ने बेटी को अपनी बाइक पर बैठाकर घर छोड़ने की बात कही।

## लखपति दीदी लक्ष्य के लिए 10 करोड़ महिलाओं को वित्तीय योजनाओं से जोड़ने की तैयारीः शिवराज सिंह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीनदयाल अंत्योदय योजनाङ्कराष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने योजना की अद्यतन प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और 'लखपति दीदी' के 6 करोड़ लक्ष्य को हासिल करने के लिए विशेष रणनीति बनाकर युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 10 करोड़ दीदियों को विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं से जोड़ना आवश्यक है।

चौहान ने अधिकारियों को राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य पूर्ति के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन राज्यों का प्रदर्शन अपेक्षित नहीं है या आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है, उन्हें मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया जाए ताकि योजना के उद्देश्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय मंत्री ने मिशन के तहत आवंटित बजट के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों और लखपति दीदियों को योजना का लाभ पहुंचाने के लिए सतत संवाद और समन्वय आवश्यक है।

## सरकारी स्कूल के 35 बच्चों ने काटी अपनी कलाइयां




**धमतरी (विश्व परिवार)।** धमतरी जिले में सरकारी मिडिल स्कूल के बच्चों ने अपनी कलाइयां काट ली. लगभग महीने भर पुराना मामले के अब सामने आने से प्रशासन में हड़कंप मच गया. तुरत-फुरत प्रशासन-पुलिस की संयुक्त टीम ने मामले की जांच करने के साथ बच्चों की मनोचिकित्सक से काउंसिलिंग भी कराई गई है. इसके साथ ही सभी स्कूलों को ऐसी घटनाओं को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं. पूरा मामला धमतरी जिले के कुरूद ब्लाक के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दहदहा का हैं. ब्लॉक मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर दूर राजिम रोड पर ग्राम दहदहा स्थित हैं. यहां के छठवीं, सातवीं और आठवीं में पढ़ने वाले 35 बच्चों ने अपने हाथ की कलाई को किसी नुकीली चीज से जख्मी कर लिया था. लोग उस समय अचंभित रह गए जब मिडिल स्कूल के बच्चों के हाथ कटे मिले. जानकारी के अनुसार, यह घटना करीब एक माह पुरानी है.

# रैंप योजना अंतर्गत केवीके भाटापारा में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फूड प्रोसेसिंग पर सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण संपन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत सरकार की रैंप योजना अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले NIMSME Hyderabad द्वारा सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस (Minor Forest Produce) फूड प्रोसेसिंग विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16, 17 एवं 18 फरवरी को केवीके भाटापारा में किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस एवं फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यमियों, महिला उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस के नए उत्पाद विकास, आधुनिक प्रोसेसिंग तकनीक, वैल्यू एडिशन, मार्केटिंग रणनीति, ब्रांडिंग तथा आवश्यक प्रमाणन (Certification) संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में केवीके भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद राजपूत की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।




प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बलौदाबाजार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीआईसी बलौदाबाजार के प्रबंधक श्री नारायण ठाकुर उपस्थित रहे तथा डीआरपी श्री संतोष शुक्ला द्वारा योजनाओं एवं स्वरोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के साथ ही इच्छुक उद्यमियों का उद्यम पंजीयन भी किया गया तथा प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।प्रशिक्षण के दौरान उद्यमियों में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला। प्रतिभागियों ने भविष्य में स्वयं का उद्योग स्थापित करने तथा स्थानीय संसाधनों पर आधारित उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम ने ग्रामीण एवं महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध किया।उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के आगामी बैच भी इसी क्रम में आयोजित किए जाएंगे। द्वितीय बैच 19, 20 एवं 21 फरवरी, तृतीय बैच 23, 24 एवं 25 फरवरी तथा चतुर्थ बैच 26, 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित होगा। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु मोबाइल नंबर 75661 95551 पर संपर्क कर सकते हैं।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28524/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28524**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652L00536** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAA SHARDA BUILDCON PARTNER BY MAHESH DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DOMURAM DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NARESH KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BILAS SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28520/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 17-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28520**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **56** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446A00251** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JYOTI SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JUGAL KISHORE SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ABDUL NADEEM KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABDUL LATIF KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28519/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28519**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **56** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651A0106C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL CHANDRAHAS SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SONURAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HETRAM NISHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LIMBURAM NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28513/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28513**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **56** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446D0483V** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLESH TALREJA S/O LATE. RAJKUMAR TALREJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **.....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GUNAMALA JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AJIT KUMAR JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28506/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28506**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M02382** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LAXMI BAI DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJKUMAR DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LILIMA SEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **YASHWANT KUMAR SEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28505/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28505**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M02375** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MS SHREE LAXMI CONSTRUCTION PARTNER POA-RAJKUMAR DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. TORAN DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAKSHI PRAFUL KADUKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAFUL KADUKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28503 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28503**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M02376** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJKUMAR DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. TORAN DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJANI TONDON** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PAWAN PRAKASH TONDON** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28499/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28499**
**वार्ड का नाम- 49 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **49** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446R00103** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ZOONUBIYA ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MIR AKBAR ALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TEJNATH SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. MANGALNATH SINGH**ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28465/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28465**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446I00274** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEEPAK RAGHAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKHBIR SINGH RAGHAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURBHI AMIT SHRIVASTAVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMIT SHRIVASTAVA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28439/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28439**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446A00040** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. MANISH PRABHAKAR , 2. PANKAJ PRABHAKAR , 3. ASHISH PRABHAKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SATISH CHANDRA PRABHAKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. VITIKA VERMA 2. ANIRUDH SAXENA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. ANIRUDH SAXENA 2. SATISH KUMAR SAXENA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /28137/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 17-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28137**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **20** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802C0222A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MINAL WASNIK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NITIN KASHYAP** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUNNY VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **FULLEY RAJ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /28747/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28747**
**वार्ड का नाम- 51 - लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **51** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328Y0112B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUNIL KUMAR NAYAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM JI PRASAD NAYAK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती खुशबू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री अमित गौरव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /28744/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28744**
**वार्ड का नाम- 51 - लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **51** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446T0571K** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAUSHILYA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NAGARMAL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती नेहा अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री नागरमल अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /28764/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28764**
**वार्ड का नाम- 21 - शहीद भगत सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **21** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813B00082** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMRITA BHARDWAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH BHARDWAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. MOHAMMAD EZHAR 2. MOHAMMAD SHAHANWAJ ALAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAMMAD MANJOOR ANSARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 685 दिनांक 18.02.2026**
**वार्ड का नाम- मां दंतेश्वरी माता वार्ड**
**वार्ड क्र. 16 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **16** मांग **पंजी क्र. 2048 युआईडी 40134** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **दुर्गा बजाज / जीवत राम बजाज** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **इन्द्रजीत सिंह सलूजा / भूपेन्द्र सिंह सलूजा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **05-03-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 684 दिनांक 18.02.2026**
**वार्ड का नाम- मां शीतला माता वार्ड**
**वार्ड क्र. 17 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **17** मांग **पंजी क्र. 294 युआईडी 19683** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मनीष कुमार अग्रवाल / पी. एस. अग्रवाल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मेसर्स जय अम्बे इंडोकेम प्रा. लि. शांति देवी / निर्मल अग्रवाल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **05-03-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /28762/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28762**
**वार्ड का नाम- 19 - डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802N00858** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **T.LAXMI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **T. RAMA RAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **T. BHASKAR RAO S/O T. RAMA RAO AND M. KALYANI W/O M. PRAKASH** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

**छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढियारी कालोनी, रायपुर** में निर्मित जनता योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन **क्रमांक- जनता-48, श्री आदित्य गुलाब चिंचखेड़े एवं श्री सौरभ गुलाब चिंचखेड़े दोनो के पिता स्व. श्री गुलाब चिंचखेड़े,** को भाड़ाक्रय आधार पर नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 10.09.1990** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 22.12.2025** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री स्वन्पिल प्रमोद आगे पिता श्री प्रमोद रामदासजी** आगे के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर कालोनी, रायपुर** में निर्मित **एम.आई. जी.-II** योजना में से भवन क्र. **MIG - II/38 श्री किशन लाल बागडे पिता श्री फोगल बागड़े** को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा **दिनांक 25-10-03** विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी / नामांतरी की मृत्यु **दिनांक 20-2-24** को हो जाने के कारण **श्रीमती जसवंता बागडे पति श्री किशन लाल बागडे** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसों ( **1. नीकिता बागडे 2. अमित बागडे 3. ईश्लोक बागडे तीनो के पिता स्व. किशन लाल बागडे** ) की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड भवन **श्रीमती जसवंता-बागडे पति श्री स्व. किशन लाल बागडे** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर कालोनी रायपुर** में निर्मित **एम.आई.जी. ( जी + 1 )** भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से **भवन क्रमांक एम.आई.जी. ( जी + 1 ) - 15 फेस - II श्री सतीश कुमार साहू पिता श्री सियाराम सेवक साहू** को भाड़ाक्रय/ पूर्ण मूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वार दिनांक ..... को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया है।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 4-2-26 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री मनोहर लाल** पिता **-श्री शेरा राम** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./28667/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026**
**रायपुर दिनांक : 17-02-2026**

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 28667**
**वार्ड का नाम-14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **14** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR220C00007** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MRS. PARAMJEET KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री हरविंदर सिंग सलूजा, पिता -श्री संतोख सिंग सलूजा 2 अमनदीप सिंग सलूजा 3 प्रियंका सलूजा, पिता -श्री हरविंदर सिंग सलूजा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **.....** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, बैनामा, रसीद मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

# कार्यालय, नगर पंचायत चंदखुरी, जिला-रायपुर (छ0ग0)

**E-mail-cmochandkhuri@gmail.com**

क्रमांक 2270 न0पं0 / लो0नि0वि0 / 2026 — चंदखुरी, दिनांक 17/02/2026

**-:: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं जी.एस.टी. में पंजीकृत सप्लायरों तथा दुकानदारों से निम्नलिखित निर्माण / मरम्मत / सामग्री प्रदाय कार्य करने हेतु प्रपत्र "अ" एवं ब", "स" में मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | - 10/03/26. | समय 3:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि | -16/03/26 | समय 5:30 बजे |
| निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | - 23/03/26 | समय 4:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय | - 23/03/26 | समय 5:00 बजे |

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 |
| 01 | पेयजल से संबंधित सामग्री आपूर्ति एवं मरम्मत संधारण कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 9.90 | 7425/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | ABC |
| 02 | विद्युत विभाग से संबंधित सामग्री 02 आपूर्ति कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 9.50 | 7125/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | ABC |
| 03 | स्टेशनरी, मुद्रण तथा कम्प्युटर से संबंधित सामग्री आपूर्ति कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 8.00 | 6000/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | ABC |
| 04 | भूमि पूजन एवं लोकार्पण संबंधी शिलालेख आपूर्ति कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 8.00 | 6000/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | B |
| 05 | निकाय में विभिन्न कार्यकम हेतु टेंट इत्यादि व्यवस्था कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 9.00 | 6750/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | B |
| 06 | फ्लैक्स बैनर प्रिटिंग आपूर्ति कार्य (प्रथम) (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 8.00 | 6000/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | B |
| 07 | स्वास्थ्य एवं सफाई से संबंधित सामग्री आपूर्ति कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 9.00 | 6750/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | ABC |
| 08 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में वॉलराइटिंग पेंटिंग एवं लेखन कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 8.00 | 6000/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | B |
| 09 | लोक निर्माण विभाग के निर्माण सामाग्री प्रदाय कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु) | 8.50 | 6375/ | 750/ | सक्षम श्रेणी | 12 माह | B |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर, राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी निविदा दिनांक से कार्यालयीन अवधि में देखी व प्राप्त की जा सकेगी, साथ ही यह कि, मैनुअल निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालय न0पं0 सूचना पटल एवं विभाग की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चंदखुरी जिला-रायपुर**
**( छ0ग0 )**

# गरियाबंद में व्यावसायिक परिसर की नीलामी पर बवाल

## नियमों की अनदेखी, पारदर्शिता पर सवाल; जांच और रोक की उठी मांग


बस्तर संभाग 6
रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

**गरियाबंद में व्यावसायिक परिसर की नीलामी पर घमासान, नगरवासियों ने लगाई तत्काल रोक की गुहार**



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नगर के हृदय स्थल गौरवपथ मार्ग स्थित प्रस्तावित व्यावसायिक परिसर की नीलामी को लेकर गरियाबंद में विवाद गहरा गया है। स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर जनदर्शन में औपचारिक आवेदन सौंपते हुए निर्माण एवं नीलामी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शिकायत में नगर पालिका प्रशासन पर नियमों की अनदेखी, पारदर्शिता की कमी और सार्वजनिक हितों की उपेक्षा जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

**स्वीकृतियों पर उठे गंभीर प्रश्न-** आवेदनकर्ताओं का दावा है कि परियोजना के लिए राजस्व विभाग तथा रेरा से आवश्यक अनुमतियां लिए बिना ही निर्माण और नीलामी प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह संबंधित अधिनियमों और शासकीय भूमि उपयोग नियमों का उल्लंघन माना जा सकता है।

**बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी का आरोप-** नगरवासियों का कहना है कि प्रस्तावित परिसर में पर्याप्त पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय और आमजन के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई है। नगर नियोजन मानकों के अनुसार किसी भी व्यावसायिक परिसर के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य मानी जाती हैं।

**गांधी मैदान की भूमि प्रभावित होने की आशंका-** सबसे संवेदनशील मुद्दा ऐतिहासिक महत्व वाले गांधी मैदान से जुड़ा है। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य से मैदान की लगभग 5 से 10 फीट भूमि प्रभावित हो सकती है, जिससे उसका पारंपरिक स्वरूप बदल जाएगा। वर्षों से यह मैदान खेलकूद, सामाजिक, धार्मिक और वैवाहिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र रहा है।

**नीलामी प्रक्रिया पर सवालों की बौछार-** शिकायत में उल्लेख है कि 16 फरवरी की देर रात तक नीलामी संचालित की गई, जबकि अधिकृत बोलीदाताओं की सूची पूर्व में सार्वजनिक नहीं की गई। आरक्षणवार दुकानों के लिए पृथक प्रक्रिया न अपनाने, अधूरे दस्तावेजों के बावजूद आवेदन स्वीकार करने और अनधिकृत व्यक्तियों की भागीदारी जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

**आर्थिक पारदर्शिता और स्थानीय हितों पर चिंता-** निर्माण अवधि, कुल लागत और किराया निर्धारण की जानकारी सार्वजनिक न होने से संभावित आर्थिक अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। साथ ही दुकानों के आवंटन में बाहरी आवेदकों को प्राथमिकता दिए जाने की संभावना से स्थानीय बेरोजगार युवाओं और छोटे व्यापारियों के हित प्रभावित होने की चिंता सामने आई है।

**आरक्षण बनाम खुली बोली—प्रशासनिक उलझन-** शिकायतकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि जब दुकानों में आरक्षण लागू है, तो खुली बोली प्रक्रिया कैसे अपनाई गई। सामान्यत: आरक्षित श्रेणियों के लिए पृथक एवं पारदर्शी आवंटन प्रणाली निर्धारित होती है। दोनों व्यवस्थाओं का एक साथ उपयोग वैधानिक जांच का विषय बन गया है।

**PPP मॉडल और लागत निर्धारण पर संदेह-** परियोजना को पीपीपी मॉडल के तहत निर्मित किया जाना बताया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण लागत निर्धारित मानकों से अधिक आंकी गई है, जिससे भविष्य में किराया और विक्रय मूल्य असामान्य रूप से बढ़ सकते हैं। नागरिकों ने विस्तृत वित्तीय विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है।

**गौरवपथ किनारे निर्माण पर नियमों का प्रश्न-** शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रचलित नगर नियोजन मानकों के अनुसार गौरवपथ मार्ग किनारे व्यावसायिक निर्माण की अनुमति संदिग्ध है। ऐसे में मास्टर प्लान और स्वीकृतियों की वैधानिक जांच आवश्यक मानी जा रही है।

**बढ़ता असंतोष, जांच की मांग तेज-** मामला अब केवल नीलामी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि स्थानीय रोजगार, नगर नियोजन और वित्तीय पारदर्शिता से जुड़ा व्यापक जनहित का विषय बन गया है। नागरिकों ने नीलामी और निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

यदि प्रशासन ने शीघ्र स्पष्टता नहीं दी, तो यह विवाद व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# बस्तर की 'बिहान' दीदियां घोलेंगी होली में कुदरती रंग



## रसायनों को मात देगा देशी हर्बल गुलाल

**जगदलपुर/विश्व परिवार)।** बस्तर जिले में इस बार होली का त्यौहार न केवल रंगों भरा होगा, बल्कि सेहत और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित रहेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। इसके अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों के 9 स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को 'हर्बल गुलाल' बनाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। क्रांतिकारी डेबरीधूर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर में आयोजित इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में महिलाएं आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर गुलाल तैयार करना सीख रही हैं।

इस अनूठी पहल की सबसे खास बात यह है कि महिलाएं अपनी रसोई और बाड़ी में मिलने वाली प्राकृतिक वस्तुओं जैसे पालक, लाल भाजी, चुकंदर और फूलों का उपयोग कर सतरंगी गुलाल तैयार करेंगी। बाजार में मिलने वाले सिंथेटिक रंगों और गुलाल में अक्सर हानिकारक रसायनों का मिश्रण होता है, जो त्वचा में जलन, एलर्जी और आंखों को नुकसान पहुँचाते हैं। इन समस्याओं को देखते हुए बिहान की दीदियां कॉर्न फ्लावर के आधार (बेस) में चुकंदर और भाजी के अर्क को मिलाकर पूरी तरह चर्म-रोग मुक्त और इको-फ्रेंडली गुलाल का उत्पादन करेंगी।

प्रशिक्षण के उपरांत महिलाओं ने इस वर्ष 500 किलो से लेकर एक हजार किलो तक हर्बल गुलाल तैयार करने का लक्ष्य रखा है। उत्पादित गुलाल की पहुंच जन-जन तक बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत जगदलपुर शहर के प्रमुख स्थानों और विभिन्न शासकीय कार्यालयों में विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही जनपद स्तर के स्थानीय बाजारों में भी इस शुद्ध देशी गुलाल का विक्रय किया जाएगा। बिहान से जुड़ी इन महिलाओं के लिए यह केवल रंग बनाने का काम नहीं है, बल्कि यह उन्हें स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। इस प्रयास से न केवल बस्तर की महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि आम नागरिकों को भी रसायनों के खतरे से दूर एक सुरक्षित और खुशहाल होली मनाने का विकल्प मिलेगा।

# गरियाबंद में वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता अभियान आयोजित

## लोकगीतों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** वन परिक्षेत्र इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर क्षेत्र अंतर्गत अग्नि सुरक्षा संबंधी जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पीपलखुटा, कांडसर एवं बनवापारा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अभियान के दौरान लोकगीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को वनाग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही वनों की सुरक्षा के प्रति सजग एवं जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वन प्रबंधन समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर अवैध वृक्ष कटाई, अवैध शिकार तथा अवैध उत्खनन जैसी गतिविधियों की रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। इन अवैध कार्यों से पर्यावरण एवं वन्यजीवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त मानव-हाथी संघर्ष एवं अन्य वन्यप्राणी-मानव द्वंद्व की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियां, सुरक्षा उपाय और विभागीय दिशा-निर्देश भी बताए गए। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाकर वन एवं वन्यजीव संरक्षण को मजबूत करना रहा।

# सैमसंग जल्द पेश करेगा सहज गैलेक्सी कैमरा अनुभव; अब कंटेंट बनाना होगा और भी आसान

दिन में खिंची गई फोटो को कुछ ही सेकंड में 'नाइट मोड' जैसा लुक देना हो, तस्वीर से गायब हिस्सों को वापस जोड़ना हो (जैसे केक का कटा हुआ हिस्सा ठीक करना), या कई तस्वीरों को मिलाकर एक शानदार इमेज बनानी हो—अब यह सब बेहद आसान होने वाला है। पहले इस तरह की एडिटिंग के लिए पेशेवर कौशल (प्रोफेशनल स्किल्स) या घंटों की मेहनत की जरूरत होती थी। लेकिन अब, आप अपने गैलेक्सी फोन पर बस कुछ शब्दों में अपनी जरूरत बताकर मिनटों में यह काम कर सकेंगे। यह गैलेक्सी कैमरा का अगला बड़ा विकास है—जो अब तक के सबसे ब्राइट गैलेक्सी कैमरा सिस्टम पर आधारित एक 'एंड-टू-एंड' अनुभव प्रदान करेगा। आज के दौर में मोबाइल कैमरे सिर्फ फोटो लेने तक सीमित नहीं रह गए हैं। लेटेस्ट गैलेक्सी एआई तकनीक अब फोटो खींचने, एडिट करने और शेयर करने की उन्नत क्षमताओं को एक ही 'सहज प्लेटफॉर्म' (इंट्यूटिव प?लेफॉर्म) पर लेकर आएगी। इसका परिणाम एक निर्बाध अनुभव और अधिक सुगम रचनात्मक प्रक्रिया के रूप में सामने आएगा—जिससे यूज़र्स को अलग-अलग ऐप्स के बीच स्विच करने या जटिल टूल्स को समझने की जरूरत नहीं होगी। इससे कंटेंट बनाना पहले से कहीं अधिक तेज, सरल और स्वाभाविक हो जाएगा। इस बदलाव के मूल में यह सोच है कि—रचनात्मकता किसी तकनीकी जानकारी या अनुभव की मोहताज नहीं होनी चाहिए।

# ग्राम सुंदरगंज अतिक्रमण हटाने गई जेसीबी मशीन पर अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव

## मौके पर पहुंची पुलिस बल हटाया गए अतिक्रमण

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)** एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के नेतृत्व में पुलिस बल सुदरगंज ग्राम पंचायत क्षेत्र में पहुंची जहां अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अतिक्रमण हटाने के मुहीम चालू की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान कुछ अतिक्रमणकारियों जेसीबी मशीन पर पत्थराव कर दिया।

एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के नेतृत्व में पुलिस बल सुदरगंज पहुंची ।

जानकारी के अनुसार आज 18 फरवरी को लटोरी तहसील अन्तर्गत ग्राम सुंदरगंज में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 35, 255, 552 पर कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को ग्राम पंचायत सुंदरगंज के सरपंच व ग्राम समिति के द्वारा हटाये जाने की कार्यवाही की मांग लंबे समय से की जा रही थी ।एसडीएम सूरजपुर सहित अन्य राजस्व व पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ हुई। अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही के दौरान कई अतिक्रमणकारी ग्रामीणों के द्वारा वहां ग्राम सरपंच व ग्राम समिति के सदस्यों को देख उनके साथ झूमा झटकी करते हुए जेसीबी मशीन में पथराव प्रारंभ कर दिया जिस पर जेसीबी मशीन वहां से हटने लगा। इसी दौरान जेसीबी पर पथराव के दौरान रास्ते में खड़ी पुलिस की वाहन पर भी कुछ पत्थर पड़े जिससे पुलिस की गाड़ी का कांच भी टूटा गया तथा 3 ग्रामीणों को चोट भी आई । इस मामले में संवैधानिक कार्यवाही की जा रही है इस पथराव में घरभरन, शिवाराम, कमलेश राजवाड़े , मटकू राजवाड़े घायल हो गए है।


एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल घटना की जानकारी देते हुए

# चित्रकोट महोत्सव 2026 : बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक कला के संगम से गुंज उठा 'नियाग्रा' का तट

**जगदलपुर/विश्व परिवार)।** विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात के समीप मेला स्थल में बुधवार को 'चित्रकोट महोत्सव 2026' का शानदार आगाज़ हुआ, जहाँ बस्तर की माटी की सोंधी खुशबू और लोक कलाओं के विविध रंगों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चित्रकोट महोत्सव 2026 के शुभारंभ के अवसर पर सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास की दिशा में सरकार प्रयास किया जा रहा है। सरकार द्वारा सांस्कृतिक, कला और खेल गतिविधि के माध्यम पर्यटन स्थल में चित्रकोट महोत्सव को बढ़ावा दिया जा रहा है । विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल, केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री दिनेश कश्यप ने भी संबोधित करते हुए चित्रकोट महोत्सव एक सांस्कृतिक महोत्सव के लिए समृद्ध जनजाति संस्कृति का प्रतीक है। शासन द्वारा आयोजित इस समारोह में दो दिवसीय महोत्सव में खेलगतिविधि, कला संस्कृति, पर्यटन को बढ़ाने का प्रयास है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी, नगर पालिक निगम सभापति श्री खेमसिंह देवांगन, जनपदों के अध्यक्ष, सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, सहित आईजी श्री सुंदरराज पी, सीसीएफ श्री आलोक तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।




महोत्सव के प्रथम दिन की शुरुआत स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं की ऊर्जावान प्रस्तुतियों के साथ हुई। सेजेस अलनार और अंग्रेजी माध्यम स्कूल धाराउर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास गढ़िया और चित्रकोट सहित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं ने लोक संस्कृति पर आधारित नृत्यों से कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। स्कूली कलाकारों की इन प्रस्तुतियों ने मंच पर एक ऐसी जीवंतता पैदा की, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। अतिथियों ने स्कूली बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया ।

जैसे-जैसे शाम ढलती गई, महोत्सव का मंच बस्तर की पारंपरिक पहचान और जनजातीय गौरव का गवाह बना। आंजर के कलाकारों ने जब अपने पारंपरिक 'गौर नृत्य' और लोहण्डीगुड़ा के कलाकारों ने 'परब नृत्य' की प्रस्तुति दी, तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। इसके पश्चात तोकापाल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'ककसाड़ नृत्य' और बकावण्ड के 'नाट परब' ने दर्शकों को बस्तर की प्राचीन परंपराओं और लोक गाथाओं से रूबरू कराया। इन नृत्यों में छिपी ऊर्जा और लयबद्धता ने यह सिद्ध कर दिया कि बस्तर की लोक कला आज भी अपनी जड़ों से पूरी मजबूती के साथ जुड़ी हुई है। सांस्कृतिक संध्या का आकर्षण तब और बढ़ गया जब शास्त्रीय और आधुनिक कला का अनूठा संगम मंच पर दिखाई दिया। जेनिसा देवांगन और निधि रावल के सुरीले गायन के बाद धुर्विका शर्मा, गीतिका चक्रधर और समृद्धि शर्मा ने अपने सधे हुए 'कथक नृत्य' से मंच पर एक शास्त्रीय गरिमा बिखेरी। स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के क्रम में 'बस्तर विट्स म्यूजिकल ग्रुप' और वंदना पॉल की प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विशेष रूप से लोक कला मंच 'चिरैया' कोंडागांव की वृहद प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ी लोक विधाओं का ऐसा ताना-बाना बुना कि दर्शक अपनी सीटों से बंधे रहे। कार्यक्रम का समापन 'लाइव बैंड जुनूनियत' की धमाकेदार परफॉरमेंस के साथ हुआ, जिसने युवा दर्शकों के बीच जबरदस्त जोश भर दिया। आधुनिक वाद्ययंत्रों की धुन और लोक धुनों के इस फ्यूजन ने महोत्सव की पहली शाम को एक यादगार मोड़ पर लाकर खड़ा किया। प्रशासन द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्था और स्थानीय कलाकारों के इस महाकुंभ ने चित्रकोट महोत्सव को न केवल एक आयोजन, बल्कि बस्तर की अस्मिता के उत्सव के रूप में स्थापित कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एशियन पेंट्स ने एक दमदार क्रिकेट एंथम के साथ किया क्रिकेट के रंगों को सजीव

**रायपुर:** भारत में क्रिकेट महज़ एक खेल नहीं, बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। यह लोगों को गौरव, उम्मीद और उत्साह के साथ एकजुट रखता है। एकजुटता की इसी भावना के मद्देनजर एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया है एशियन पेंट्स रंग दे इंडिया क्रिकेट एंथम। यह एक ऐसी अभिव्यक्ति है, जो संगीत के ज़रिए उन रंगों, भावनाओं और एकता की खुशियां मनाती है जिसे क्रिकेट हर भारतीय घर में भरता है। घर मिनी स्टेडियम में बदल जाते हैं और बालकनियां नारों से गूंज उठती हैं। यह एंथम मैच के दौरान की खुशी और जोश को दर्शाता है। यह हर पीढ़ी, वर्ग, क्षेत्र, भाषा और परंपरा के फैन्स को एक साथ बांधता है। एशियन पेंट्स और क्रिकेट, दोनों ही भारत के पलों और यादों में रंग भरते हैं। साथ मिलकर वे एक मजबूत भावनात्मक लगाव बढ़ाते हैं जो 1.4 अरब दिलों को एक साथ जोड़ता है। एशियन पेंट्स ने रंगों के ज़रिए और फैन्स को ध्यान में रखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ होने वाले घरेलू क्रिकेट के आधिकारिक कलर पार्टनर के रूप में अपने जुड़ाव को लगातार मज़बूत किया है। यह एंथम ब्रांड के इस विश्वास को दर्शाता है कि रंग भावनाओं की अभिव्यक्ति है और एक ऐसी शक्ति है जो लोगों को करीब लाती है। रंग दे - मोहे जीत के रंग में रंग दे की धुन क्रिकेट की उस भावना, रंग और रोमांच को एक साथ पिरोती है, जिसे एशियन पेंट्स सेलिब्रेट करता है। ऊर्जा से भरपूर यह एंथम सुनने के साथ-साथ महसूस करने के लिए बनाया गया है। यह आकर्षक, उत्साहवर्धक और गर्व से भरा है, ठीक वैसे ही जैसे मैच के दौरान भावनाएं होती हैं। इसका संगीत समीर उद्दीन ने तैयार किया है और इसे सुनिधि चौहान और विशाल ददलानी ने गाया है। उनकी दमदार और जोशीली आवाज़ें एंथम को यादगार बनाती हैं। यह एक ऐसा एंथम है जिसे फैन्स मैच के दौरान गुनगुनाएंगे, मैच देखने के दौरान बजाएंगे और मैच खत्म होने के काफी समय बाद भी याद रखेंगे। इस तरह से यह भारत के क्रिकेट सेलिब्रेशंस का एक अभिन्न हिस्सा बन जाएगा। यह चलचित्र उन विशेष क्षणों, परंपराओं और यादों को दर्शाती है, जो भारत में क्रिकेट को जीवन का इतना महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। यह देश के हर कोने से क्रिकेट फैन्स को सेलिब्रेट करती है। यह दिखाती है कि कैसे क्रिकेट क्षेत्र, उम्र और पृष्ठभूमि की सीमाओं को पार करते हुए लोगों को आपस में जोड़ता है।

### सरगुजा में शिक्षा और स्वच्छता की मिसाल: अदाणी विद्या मंदिर को 'क्लीन एंड ग्रीन स्कूल ऑफ द डिस्ट्रिक्ट' सम्मान

**साल्ही/उदयपुर-अंबिकापुर।** ग्रामीण अंचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए अदाणी विद्या मंदिर सरगुजा को केंद्र सरकार की ग्रीन एंड क्लीन स्कूल पहल के तहत 'क्लीन एंड ग्रीन स्कूल ऑफद डिस्ट्रिक्ट' सम्मान से नवाजा गया है। जिले के 2,365 से अधिक विद्यालयों के विस्तृत निरीक्षण के बाद स्कूल ने सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया और पाँच-सितारा रेटिंग प्राप्त की। यह सम्मान 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिलाधीश अजीत वसंत, राजेश अग्रवाल तथा जिला शिक्षा अधिकारी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से उप-प्रधानाचार्य डॉ. टी. एल. वर्मा ने सम्मान ग्रहण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय ने हाथ धोने की सुविधा और मिशन लाइफ के प्रभावी क्रियान्वयन में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल मेंटेनेंस में 95.24 प्रतिशत, व्यवहार परिवर्तन आधारित स्वच्छ आचरण में 90 प्रतिशत, सुरक्षित पेयजल व्यवस्था में 90.91 प्रतिशत तथा शौचालय सुविधाओं में 85.19 प्रतिशत अंक दर्ज किए गए। समग्र रूप से यह प्रदर्शन जिले में सर्वोच्च रहा।

**दो वर्षों में व्यापक हरित पहल-** पिछले दो वर्षों में विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल प्रणाली, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, 80 केवीए क्षमता का सोलर प्लांट, किचन गार्डन तथा स्वच्छ शौचालय व्यवस्था विकसित की गई है। छात्रों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, काउंसलिंग और हाथ धोने की आदत को बढ़ावा देने जैसी पहलों ने परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बनाया है। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने अभियान को मजबूत आधार दिया है।

**ग्रामीण क्षेत्र का प्रमुख शैक्षणिक केंद्र-** ग्रामीण सरगुजा क्षेत्र में स्थित यह विद्यालय वर्तमान में 1,040 विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। 35 किलोमीटर के दायरे में यह एकमात्र [illegible] मान्यता प्राप्त विद्यालय है और छत्तीसगढ़ का इकलौता स्कूल है जिसे [illegible] प्रमाणन प्राप्त है। [illegible], क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों को गुणवत्ता आधारित मान्यता प्रदान करता है।

दैनिक
# विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संपादकीय

## अमेरिका से ट्रेड डील

पीयूष गोयल के मुताबिक ट्रेड डील में रूसी तेल का मुद्दा नहीं है। इसलिए इस पर विदेश मंत्रालय से पूछा जाना चाहिए। विदेश मंत्री गोयल से पूछने की सलाह दे चुके हैं। प्रधानमंत्री से तो स्पष्टीकरण की अपेक्षा ही नहीं है। अमेरिका से ट्रेड डील में रूसी तेल के मुद्दे को शामिल करने से भारत को आर्थिक के साथ-साथ प्रतिष्ठा का इतना बड़ा नुकसान हुआ है कि नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्री इसकी जवाबदेही एक दूसरे पर टालने की जुगत में दिखे हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक उन्होंने जो डील की, उसमें यह मुद्दा नहीं है, इसलिए इस बारे में विदेश मंत्रालय से पूछा जाना चाहिए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस बारे में गोयल से पूछने की सलाह दे चुके हैं। प्रधानमंत्री चूंकि असहज करने वाले सवालों पर कभी कुछ नहीं बोलते, इसलिए उनसे कोई स्पष्टीकरण मिलने की संभावना वैसे भी नहीं है। ये सच है कि ट्रेड डील से संबंधित साझा बयान में इस मसले का जिक्र नहीं है। लेकिन साझा बयान जारी होने के साथ ही व्हाइट हाउस ने अलग विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत रूसी तेल की खरीदारी रोकने पर राजी हुआ है। यह भी बताया कि भारत कहीं चोरी-छिपे तेल ना खरीद ले, इसकी निगरानी अमेरिका के तीन मंत्री करेंगे। भारत सरकार के किसी मंत्री या अधिकारी ने इस अमेरिकी एलान का खंडन नहीं किया। उलटे मंत्री इसकी जवाबदेही दूसरे पर टालते दिखे हैं। इसलिए इसे ट्रेड डील का हिस्सा मान लिया गया है और बाजार में उसका असर दिखने लगा है। पहली मार गुजरात के वाडीनगर में स्थित नायरा रिफाइनरी पर पड़ती दिखी है। रूस की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी रोसनेफ्त की इसमें सबसे बड़ी शेयरहोल्डिंग है। इसमें अधिकतर रूस से आए कच्चे तेल का शोधन किया जाता है। लेकिन अब अमेरिका से ट्रेड डील के बाद इस रिफाइनरी का चलना लगभग नामुमकिन हो जाएगा। तो ये चर्चा शुरू हो गई है कि रोसनेफ्त के शेयर खरीद कर कोई भारतीय कंपनी इसकी मालिक बनेगी और फिर वह अन्य स्रोतों से आए तेल का शोधन करेगी। अनुमान है कि यह तेल अधिकांशत: अमेरिका से आएगा। मगर यह महंगा सौदा है। अमेरिका से तेल ऊंचे भाव में मिलेगा। परिवहन खर्च पर बड़ी कीमत चुकानी होगी। उधर अमेरिकी दबाव में आने के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को पहुंची हानि अलग है। इसीलिए इसकी जवाबदेही पर मुंह छिपाने की जरूरत पड़ी है।

# बीएनपी की भारी जीत से भारत के लिए सियासी निहितार्थ

**कमलेश पांडे**



बीएनपी की जीत की वजह यह है कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, भ्रष्टाचार विरोध और विदेशी निवेश पर जोर दिया है। इससे भारत के लिए सियासी मायने भी साफ हैं। भले ही भारत-बीएनपी संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर पाकिस्तान और जमात से बीएनपी के पुराने गठजोड़ के कारण। बांग्लादेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने फरवरी 2026 के संसदीय चुनावों में भारी जीत हासिल की है। उसने 300 सीटों में से 151 से 209 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। इससे बंगलादेश में बीएनपी की भारी जीत से भारत के लिए सियासी निहितार्थ स्पष्ट हैं, क्योंकि यह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग के पतन के बाद पहला बड़ा चुनाव है, जो 2024 के छात्र-आंदोलन से उभरा था। चूंकि बीएनपी पहले से सत्ता में रहती आई है, इसलिए उसकी जीत के वैश्विक मायने भी हैं। वह यह कि पार्टी कमोबेश पूर्व प्रधानमंत्री स्व.बेगम खालिदा जिया के अधूरे सपनों को ही साकार करेगी। वो भी तब जब उनके पुत्र तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे। देखा जाए तो बीएनपी ने जमात-ए-इस्लामी को काफी पीछे छोड़ते हुए प्रचंड जीत दर्ज की है, जहां जमात को महज 42-68 सीटें ही मिलीं हैं। इसप्रकार तारिक रहमान, जो कि बीएनपी के प्रमुख नेता हैं, देश के संभावित प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बीएनपी की जीत की वजह यह है कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, भ्रष्टाचार विरोध और विदेशी निवेश पर जोर दिया है। इससे भारत के लिए सियासी मायने भी साफहैं। भले ही भारत-बीएनपी संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर पाकिस्तान और जमात से बीएनपी के पुराने गठजोड़ के कारण। इसलिए उनकी जीत से भारत को सीमा सुरक्षा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में अस्थिरता और चरमपंथी समूहों की चिंता बढ़ सकती है, हालांकि बीएनपी समानता-आधारित संबंधों का वादा कर रही है। खासकर हसीना युग के बाद विदेश नीति में बदलाव से व्यापार, जल बंटवारा और कनेक्टिविटी पर असर पड़ सकता है। वहीं बीएनपी की जीत से दुनिया के लिए भी सियासी मायने साफ हैं। बीएनपी की जीत बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता ला सकती है, लेकिन विदेश नीति में संतुलन अपनाने से चीन और पाकिस्तान के साथ संबंध मजबूत हो सकते हैं। वहीं दक्षिण एशिया में भू-राजनीतिक बदलाव संभव है, जहां भारत के प्रभाव में कमी और चीन के निवेश (2.1 बिलियन) बढ़ सकता है। वैश्विक रूप से, यह क्षेत्रीय गठबंधनों को प्रभावित कर सकता है, खासकर म्यांमार शरणार्थी और आर्थिक सुधारों के संदर्भ में। यह ठीक है कि भारत और बीएनपी के बीच संबंध सुधारने के प्रयास चुनाव से पहले ही शुरू हो चुके हैं, जिसमें एस जयशंकर की तारिक रहमान से बहुत मैत्रीपूर्ण चर्चा शामिल है। हालांकि हसीना के भारत में रहने से तनाव बरकरार है, फिर भी दोनों पक्ष सहयोग बढ़ाने को इच्छुक दिख रहे हैं। इसलिए संभावित सुधार के कदम उठाये जा सकते हैं। खासकर राजनयिक संपर्क बढ़ाना, क्योंकि भारत ने बीएनपी नेताओं से मुलाकातें कीं, जैसे प्रणय वर्मा की मीरजा फखरुल से, जहां बीएनपी ने भारत की सुरक्षा हितों का सम्मान करने का आश्वासन दिया। वहीं, व्यापार और वीजा बहाली के दृष्टिगत यात्रा, व्यापार और वीजा प्रतिबंध हटाने पर फोकस किया जा सकता है, जो हसीना के बाद बाधित हो गए थे। खासकर जल बंटवारा और सीमा मुद्दे हल करना यानी बीएनपी पानी बंटवारे और सीमा हत्याओं (जैसे फेलानी घटना) पर जोर दे रही है। इसलिए कुछ चुनौतियां भी आएंगी, क्योंकि बीएनपी हसीना की प्रत्यर्पण की मांग कर रही है, जिसे भारत शरण दे रहा है, इससे जन-भावना भी प्रभावित हो रही है। वहीं, जमात-ए-इस्लामी का प्रभाव और पाक-चीन झुकाव भारत की चिंता बढ़ा सकता है। फिर भी भविष्य की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। चूंकि बीएनपी समानता-आधारित पड़ोसी संबंधों का वादा कर रही है, जबकि भारत अल्पसंख्यक सुरक्षा और चरमपंथ विरोध की शर्त रख रहा है। इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार, व्यावहारिक आवश्यकताएं रीसेट सुनिश्चित करेंगी, लेकिन ऐतिहासिक अविश्वास दूर करने में समय लगेगा। यद्यपि तारिक रहमान, जो बीएनपी के प्रमुख नेता हैं, और भारत के प्रति संयमित और तटस्थ रुख अपनाते दिख रहे हैं, जो अतीत के तनावपूर्ण रिश्तों से अलग है। वे समानता-आधारित पड़ोसी संबंधों पर जोर देते हैं, लेकिन शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग रखते हैं। उनका मुख्य स्टैंडपॉइंट्स यह है कि अल्पसंख्यक सुरक्षा और स्थिरता के नजरिए से वो अपने भाषणों में अहिंसा, कानून के राज और हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का वादा किया, जो भारत की चिंताओं को संबोधित करता है। वहीं, समानता का जोर के मद्देनजर बराबरी के रिश्ते चाहते हैं, इसलिए उन्होंने पुरानी असमानताओं (जैसे जल बंटवारा, सीमा हत्याएं) पर बात उठाई, लेकिन टकराव से बचते हैं। हाँ, भारत में शरण लेने वाली हसीना को वापस लाने की मांग, जो सबसे बड़ा विवादास्पद मुद्दा है। हालांकि हालिया संकेत यही है कि ढाका लौटने के बाद उनके संयमित भाषण को खुफिया एजेंसियां इंडिया-न्यूट्रल मान रही हैं, जो 2001-06 के भारत-विरोधी दौर से अलग है। लिहाजा भारत के साथ सहयोग संभव, लेकिन पाकिस्तान-चीन झुकाव और जमात प्रभाव चिंता का विषय है। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि व्यावहारिकता से रिश्ते सुधर सकते हैं। देखा जाए तो तारिक रहमान के हालिया भाषणों में भारत का सीधा जिक्र बहुत कम या न के बराबर आया है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक संकेत दिए गए हैं। वहीं उनके भाषणों की मुख्य शैली में भारत का प्रत्यक्ष उल्लेख न करना समाहित है। खासकर ढाका लौटने (25 दिसंबर 2025) के 17 मिनट के पहले भाषण में भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन अल्पसंख्यक सुरक्षा (हिंदू, बौद्ध आदि), अहिंसा और कानून के राज पर जोर दिया—जो भारत की प्रमुख चिंताओं को संबोधित करता है। वहीं, बांग्लादेश फर्स्ट नारा यानी ना दिल्ली, ना रावलपिंडी, सबसे पहले बांग्लादेश कहकर तटस्थ विदेश नीति का संकेत दिया, जो पुराने भारत-विरोधी रुख से अलग है। उनके सकारात्मक संदेश साफहैं। वो ये कि अंग्रेजी में अंतरराष्ट्रीय अपील की, समावेशी बांग्लादेश का खाका पेश किया, जो खुफिया एजेंसियों ने री-अश्योरेंस सिग्नल माना। देखा जाए तो उनके ये भाषण बीएनपी की री-ब्रांडिंग का हिस्सा हैं, जहां 2001-06 के भारत-विरोधी दौर से दूरी दिखाई गई। कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह भारत के साथ संबंध सुधारने का रणनीतिक संकेत है, हालांकि हसीना प्रत्यर्पण जैसे मुद्दे लंबित हैं।

## आलेख

# क्या शबाना महमूद ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनेंगी?

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

वह सुदर्शना है। सुशिक्षिता है। युवा और अनुभवी हैं। तत्पर और प्रत्युत्पन्नमति हैं। संसद और बाहर वह मुखर है। कलुष के बेदब दौर में उनकी छवि बेदाग और उजली है। इतनी खूबियों से सुसज्ज शबाना महमूद इन दिनों सुर्खियों में हैं। संप्रति वह ब्रिटेन की सेक्रेट्री फार द होम यानि गृहमंत्री है। एप्सटीन फाइल्स के जेरे-बहस दौर में इस आशय की अटकलों का सब्जा दरो-दीवार और मुंडेरों पर उग आया है कि क्या वह ब्रिटेन की प्रधानमंत्री होंगी। फिलहाल उनके और प्रधानमंत्री पद के दरम्यान एक सोपान का फासला है। यदि वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो वह एशियाई मूल की दूसरी और मुस्लिम संप्रदाय की पहली महिला होंगी। गौरतलब है कि भारतीय मूल के ऋषि सूनक इसके पूर्व ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके है, जबकि शबाना पाकिस्तानी मूल की नेत्री है। लोकतंत्र के जनक ब्रिटेन में इन दिनों कुख्यात एप्सटीन फाइल्स को लेकर बावेला मचा हुआ है। कई राजनेता पद त्याग को बाध्य हुये हैं। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। यदि दबाव अधिक बढ़ा तो मजबूरन उन्हें इस्तीफा देना पड़ सकता है। इस कयास के मद्देनजर शबाना महमूद के पीएम बनने की संभावना प्रबल है। 45 वर्षीया शबाना सत्तारुढ़ ब्रिटिश लेबर पार्टी की सदस्या और बैरिस्टर हैं। वह पहले पहल सन 2010 में मई के आमचुनाव में बर्मिंघम लेडीवुड से एमपी चुनी गयी थीं। तदंतर वह चुनावों में लगातार विजयी हुई। जीत की हैटट्रिक बना चुकी शबाना ब्रिटिश लेबर पार्टी की अग्रणी नेताओं में शुमार हैं। सन 2024-25 में सेकेट्री फार जस्टिस यानि न्यायमंत्री रहने के बाद गत वर्ष उन्हें गृह जैसा महत्वपूर्ण महकमा सौंपा गया। 17 सितंबर, सन 1980 को बर्मिंघम में जनमी शबाना के परिवार की जड़े पाकअधिकृत काशमीर में मीरपुर में है। माँ जुनेदा और पिता महमूद अहमद की संतान शबाना के दो भाई और एक बहन है। अनमें एक उनका जुड़वा भाई है। सन 1981 से 1986 तक वह परिवार के साथ सऊदी अरब तैफ में रहीं जहां उनके पिता सिविल इंजीनियर थे। उसके बाद परिवार बर्मिंघम चला आया। पिता जहाँ लेबर गर्टी से जुड़ गये, वहीं मां स्वयं की सुविधा-शॉप का संचालन करने लगीं 11वीं कक्षा में अनुतीर्ण रहने पर वह स्माल हीथ स्कूल और किंग एडवर्ड षष्ठम कैंप हिल स्कूल में पढ़ीं। अंतत: उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के अंतर्गत लिंकन कॉलेज से कानून में उपाधि हासिल की। पूर्व पीएम ऋषि सूनक कॉलेज में उनसे एक दर्जा आगे थे और शबाना जूनियर कॉमन रूम के चुनाव में ऋषि ने उन्हें वोट देने का वायदा किया था। युवा शबाना बर्मिंघम में पिता के राजनीतिक कार्यों में हाथ तो बंटाती थीं, अलबत्ता उनकी ख्वाहिश थी कि वह बैरिस्टर बने। उनकी यह ख्वाहिश पूरी हुई। सन 2010 में जब निवर्तमान सांसद क्लेयर शार्ट ने बर्मिंघम से चुनाव लड़ने की अनिच्छा व्यक्त की तो शबाना ने दावेदारी की होड़ में याई मॉर्स्क्रटो को पीछे छोड़ दिया। इस द्वन्द ने इलाके में जातीय धड़ेवाजी को को बढ़ावा दिया, वह फिलिस्तीन समर्थक और इस्रायली उत्पादों के बहिष्कार की हिमायती नेत्री के तौर पर उभरीं। विवाद होने पर उन्होंने सतर्कतापूर्वक अपने पाँव पीछे खींच लिये, लेकिन इसने उनकी छवि जियोनिज्म (यहूदीवाद) विरोध की बना दी। वह इस्लाम में गहरी आस्था के लिये भी जानी गयीं और उन्होंने इसे कभी छुपाया नहीं। शबाना, रोशनआरा अली और यास्मीन कुरैशी की तिकड़ी ने बीते दशक में खासी शोहरत कमाई। लेबर नेता जेरेमी कार्बिन्स से मतभेदो को उन्होंने कभी छिपाया नहीं और साहसपूर्वक दायित्व संभालने की पेशकशों को ठुकरा दिया। बहरहाल, सितंबर 2023 में कीर स्टार्मर ने उन्हें शैडो सेक्रेट्री बनाया। सन 2024 के आम चुनाव में उनका मुकाबला निर्दलीय अखमेद याकूब से हुआ, लेकिन वह विजयी रहीं। जुलाई, 2024 उनके लिये नेमत लेकर आई, जब स्टार्मर ने उन्हें न्याय सचिव और लार्ड चांसलर बनाया। इस ओहदे को संभालने वाली वह तीसरी महिला और पहली मुस्लिम थीं। शबाना दो टूक कहती हैं कि इस्लाम उनका अपना धर्म है और अन्य इस्लाम धर्मावलंबियों की भांति उनके जीवन में आस्था महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। यह तत्व उनके समस्त कार्यों का प्रेरक है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का डिजिटल कवच

**सावित्री ठाकुर**

भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने महिला-नेतृत्वित विकास को राष्ट्रीय प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है। महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसी दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। नारी शक्ति को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया शी-बॉक्स पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है। आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3त्न से बढ़कर 2023-24 में 41.7त्न हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ-साथ स्टार्टअप्स, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय-मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) इसी उद्देश्य से बनाया गया था। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल गवर्नेंस के तहत शी-बॉक्स पोर्टल को 29 अगस्त 2024 को तकनीकी सुधारों के साथ पुन: लॉन्च किया, जिससे यह अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और पारदर्शी बन सके। यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों से संबंधित सूचनाओं का एक केंद्रीकृत भंडार प्रदान करता है। शी-बॉक्स पोर्टल का उन्नत संस्करण महिलाओं को सीधे संबंधित आईसी या एलसी के पास शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में होने वाली देरी और अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप में कमी आती है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मंच सरकारी या निजी, संगठित या असंगठित - हर क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए समान रूप से सुलभ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की महिला सुरक्षा की नीति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी है। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न के अनुरूप, शी-बॉक्स महिलाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति ट्रैक करने की सुविधा देता है। पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुँचती है। गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य व्यक्ति शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है। पॉश अधिनियम के तहत सरकार का दायित्व है कि वह शिकायतों से संबंधित आंकड़ों का संधारण और निगरानी करे। इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी शिकायत की जाँच के लिए 90 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सुनिश्चित करने में शी-बॉक्स पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा डैशबोर्ड अलर्ट, ईमेल और मेसेज के माध्यम से नियमित रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। यह सक्रिय प्रणाली मोदी सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित शासन की सोच को दर्शाती है। शी-बॉक्स की प्रभावशीलता में नोडल अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक/स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतें केवल दर्ज न हों, बल्कि उन पर समय पर और नियमानुसार कार्रवाई भी हो। महिला-केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, और लखपति दीदी जैसी पहल के माध्यम से लाखों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी जैसी अभिनव योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें नए और औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही हैं। ऐसे में जब बड़ी संख्या में महिलाएँ पहली बार संगठित और औपचारिक कार्यस्थलों का हिस्सा बन रही हैं, शी-बॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म उन्हें यह भरोसा देते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है - न केवल कानून बनाकर, बल्कि उसे ज़मीन पर प्रभावी और जवाबदेह ढंग से लागू करके। बहुभाषी समर्थन, रीयल-टाइम ट्रैकिंग और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से शी-बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को केवल एक कानूनी प्रावधान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे एक व्यवस्थित, भरोसेमंद और जवाबदेह संस्थागत ढांचे में परिवर्तित करता है। शी-बॉक्स वास्तव में एक दूरदर्शी विज़न का सशक्त प्रतिबिंब है, जहाँ नारी शक्ति को भय से मुक्त कर, सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्यस्थलों में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

# तंत्र में लोक को प्रतिष्ठित कीजिए

**उमेश चतुर्वेदी**

एक मिनट के लिए कल्पना कीजिए कि नोएडा में गड्ढे में गिरे युवराज की जगह कोई आधुनिक शब्दावली में कहें तो किसी वीआईपी का बेटा होता, सेलिब्रिटी होता या फिर किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्ती का पारिवारिक होता तो क्या तंत्र उसी तरह खड़ा रहता, जिस तरह खड़ा रहा और युवराज डूब जाता। हमने जिस प्रशासनिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया है, उसमें तंत्र की जवाबदेही लोक के प्रति है। हम चाहे जितना भी गर्व करें, लेकिन तंत्र की जवाबदेही के केंद्र में लोक की बजाय अभिजात्य है। यही वजह है कि संकट के क्षणों में हमारे तंत्र को लोक के प्रति जैसी त्वरित भूमिका निभानी चाहिए, वह निभाता नहीं दिखता। लेकिन यदि इसी तंत्र को पता चले कि लोक के बीच कोई अभिजात्य पहचान, महत्वपूर्ण नेता, उद्योगपति, सेलिब्रिटी आदि भी संकटग्रस्त है, हमारे तंत्र की प्रतिक्रिया त्वरित और गहन होती है। तंत्र की सोच की यह खोट ही है कि संकटग्रस्त आम आदमी के लिए त्वरित प्रतिक्रियाएं अपवादस्वरूप ही दिखती हैं। ऑर्ट ऑफद स्टेट सिटी के रूप में विकसित हो रहे नोएडा में इंजीनियर युवराज के लापरवाही और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के मेल से खोदे गए गहरे गड्ढे में डूबने से हुई मौत हो या फिर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के ठीक बीच में जलनिगम के गड्ढे में गिरने से हुई कमल की मौत, भ्रष्टाचार और लापरवाही ही नहीं, तंत्र की सोच को भी जाहिर करती है। एक मिनट के लिए कल्पना कीजिए कि नोएडा में गड्ढे में गिरे युवराज की जगह कोई आधुनिक शब्दावली में कहें तो किसी वीआईपी का बेटा होता, सेलिब्रिटी होता या फिर किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्ती का पारिवारिक होता तो क्या तंत्र उसी तरह खड़ा रहता, जिस तरह खड़ा रहा और युवराज डूब जाता। कुछ इसी अंदाज में एक बारगी सोचिए कि क्या दिल्ली के बीच में जलनिगम के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरे कमल की जगह कोई नेता पुत्र होता, किसी बड़े प्रशासनिक अधिकारी का बेटा होता या फिर किसी बड़े कारोबारी का बच्चा होता तो क्या पुलिस उसी तरह की प्रतिक्रिया करती, जैसा उसने इस मामले में किया। कमल के घर वालों ने देर रात ही पुलिस से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस का आम दिनों की तरह कहना था कि सुबह आना। दिल्ली पुलिस का ध्येय वाक्य है, सदैव आपके साथ। लेकिन सदैव का उसका साथ सिर्फ वीआईपी के लिए होता है, आम लोगों के लिए नहीं। अगर पुलिस उसी समय सक्रिय हुई होती, उसने



सीसीटीवी फुटेज देखे होते तो क्या वह कमल तक नहीं पहुंच जाती कमल के गड्ढे में गिरने की जानकारी एक राहगीर ने पास ही स्थित एक कैफे के सुरक्षा गार्ड को दी थी, सुरक्षा गार्ड ने जलबोर्ड कर्मी योगेश को जानकारी दी, योगेश ने ठेकेदार राजेश प्रजापति को फोन कर इसकी जानकारी दी। राजेश घटनास्थल पर आया, लेकिन पुलिस को किसी ने जानकारी नहीं दी। कैफै का गार्ड हो या फिर जलबोर्ड का कर्मी या फिर ठेकेदार, उन्होंने इस घटना को सामान्य तौर पर लिया। संजीदगी किसी ने नहीं दिखाई। सिर्फइसलिए कि उनके चेतन-अवचेतन में कहीं न कहीं यह बात बैठी हुई है कि गिरने वाला कोई वीआईपी थोड़े ही है कि कुछ होगा। सभी ने सोचा कि देर रात हो गई है, चलो सो जाते हैं। नागरिक हो या कर्मचारी या फिर तंत्र का जिम्मेदार तबका, उनकी ऐसी सोच हमारी सामाजिक और शासन व्यवस्था का कड़वा सच है। सवाल यह है कि क्या हमने लोकतंत्र की जो कल्पना की थी, उसके तहत ऐसी घटनाओं और ऐसी सोच की परिणति की कल्पना की थी? उदारीकरण के बाद हमने आर्थिक चमक-दमक को बढ़ाने के साथ ही शहरीकरण पर जोर दिया है। शहरीकरण ने आर्थिक लाभ-हानि की बुनियाद पर ही आगे बढ़ने वाली हमारी सोच को विकसित किया है। ग्रामीण सभ्यता वाले अपने देश को हम पूरी तरह शहरीकृत करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। शहर माने सभ्यता का पाठ हमने पढ़ लिया है और उसे ही हकीकत बनाने पर तुले हुए हैं। आधुनिक लोकतंत्र को अगर शहरीकृत लोकतंत्र कहें तो हैरत नहीं होनी चाहिए। शहरीकृत लोकतंत्र की अवधारणा को जाने-अनजाने हमारे मीडिया ने भी बढ़ावा दिया है। व्यक्ति को महत्वपूर्ण मानने की बजाय हमने उसकी पृष्ठभूमि को अहम मान लिया है। मीडिया भी शहरों में होने वाली दुर्घटनाओं और घटनाओं को जब रिपोर्ट करता है तो वह हैरतअंगेज अंदाज में दिखाने की कोशिश करता है कि शहर में ऐसा हो गया तो बाकी देश का क्या हाल होगा। लोकतंत्र में वोट चाहे शहर के वोटर का हो या गांव के वोटर का, उसकी कीमत एक बराबर है। लेकिन जब यही लोकतांत्रिक व्यवस्था व्यक्तियों के साथ ट्रीटमेंट करने लगती है तो वह इस बराबरी की अवधारणा को भूल जाती है और फिर शहरी नागरिक को ग्रामीण लोक की तुलना में ज्यादा तरजीह देने लगती है। ऐसा करते वक्त उसे भान नहीं रहता कि भारत का समूचा इतिहास, चाहे वह आर्थिक हो, राजनीतिक हो या फिर सांस्कृतिक, ग्रामीण व्यवस्था केंद्रित रहा है। ऐसा नहीं कि गांवों में दुश्मनियां नहीं रहीं, लेकिन गांवों के सोच की बुनियाद आधुनिक शहर केंद्रित सोच की तुलना में हमेशा ज्यादा उदार रही। यह उदारता आधुनिक दौर में भी दिखती है।

# कुण्डलपुर में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन



**कुंडलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थ कुण्डलपुर में युगदृष्टा, ब्रह्मांड के देवता, जन जन के संत, महासमाधिधारक,संत शिरोमणि, आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस

18फरवरी 2026 वुधवार को विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से क्षु.रत्न डॉ 105 सुनयश्री माताजी,क्षु.श्री सुमनश्री माताजी के मंगल सानिध्य में

प्रात: भक्तामर महामंडल विधान ,आचार्य छत्तीसी विधान पूज्य बड़े बाबा काअभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धिकलश, आचार्य श्री के चरणों का अभिषेक किया गया। प्रचारमंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर क्षु.रत्न सुनय श्री माताजी ने आचार्य श्री के प्रति विन्यांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से ही बड़े बाबा मंदिर का इतना विशाल कार्य हो सका है।

कहते हैं जब भगवान विराजमान हुए आचार्य श्री ने अश्रुधार से बड़े बाबा का पाद प्रक्षालन किया ।बड़े बाबा और छोटे बाबा की जोड़ी अजब निराली जग जाहिर है। बड़े बाबा आदिनाथ जी ने हमें असि, मसि कृषि ,जीवन यापन करने का ज्ञान दिया ।इसी तरह छोटे बाबा जी हमें जीवन जीने की कला सिखा कर समाधि कैसी होती है यह ज्ञान कराया। माताजी ने संस्मरणों के माध्यम से विन्यांजलि देते हुए आचार्य श्री की श्रेष्ठता, प्रेम , वात्सल्यता ,गुरु सेवा ,महानता का सुंदर चित्रण करते हुए कहा पूरी दुनिया उनकी दीवानी है ।आचार्य श्री ही एकमात्र संत है जिन्होंने अपना सबसे कीमती अपना सर्वश्रेष्ठ बड़े बाबा के प्रति समर्पित कर दिया। आचार्य श्री श्रेष्ठ समाधि कर शांत परिणामों से करके गए हैं ।हम सभी की भी ऐसी समाधि हो यही भावना हम सब की है। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,शांति धारा, रिद्धि कलश करने का सौभाग्य स्व. खेमचंद जैन स्व. बाबूलाल जैन दमोह की स्मृति में, बाहुबली आदिनाथ चडचत कर्नाटक ,किशनलाल प्रदीप प्रशांत हजारीबाग झारखंड, केएल जैन भागचंद जैन मंडी बामोरा, अर्चना दीप जैन भोपाल, गुलाबचंद मानकलाल जैन भोपाल , सविता मुन्नालाल जैन दमोह, राजेंद्र राहुल हेमचंद खिमलासा ,अमित ऋषभ कुमार जैन राहतगढ़ ,सुरेश चंद मालगुजार खिमलासा, नरेंद्र आशीष रांची आदि ने सौभाग्य पाया।

# बाभुलगाव में वार्षिक यात्रा भक्तिभाव से संपन्न

■ भगवान के महामस्तकाभिषेक के साथ यात्रा का समापन

**छत्रपति संभाजीनगर।** श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बाभुलगांव, पिराचे, तहसील वैजापुर, जिला औरंगाबाद में 16 फरवरी, सोमवार को प्रतिवर्ष की भांति वार्षिक यात्रा महोत्सव का आयोजन सिद्धांत चक्रवर्ती आचार्य हेमसागरजी महाराज के आशीर्वाद से किया गया। इस अवसर पर भगवान वासुपूज्य का जन्म कल्याणक महोत्सव भी अत्यंत उत्साहपूर्वक मनाया गया।

प्रात: 9 बजे भगवान वासुपूज्य के चित्र की भव्य शोभायात्रा बाभुलगांव नगर में निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाओं ने केसरिया वस्त्र तथा पुरुषों ने सफेद वस्त्र धारण किए थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं




ग्रामवासियों द्वारा पुष्पवर्षा की गई तथा सुंदर रंगोलियां सजाई गईं।

इसके पश्चात शकुंतला शांतीलाल पाटनी, सौ. अनीता सुशीलकुमार पाटनी, कविता मनोजकुमार पाटनी, शुभम हितेश, उत्कर्ष सी.ए., आदर्श, प्रतीक्षा पाटनी परिवार की ओर से धर्म ध्वजारोहण कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं को छत्रपति संभाजीनगर के श्रीमती नगीनागबाई बबनलाल, नितीनकुमार, निलेश, रीना, रितिका, मिताली, ईशान, नियति अजमेरा परिवार तथा मनोजकुमार, सौ. नीता, तेजल, रौनक कासलीवाल परिवार की ओर से महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजाबाजार जैन मंदिर के पूर्व सचिव अशोक अजमेरा ने किया तथा मंगलाचरण रुपाली रावका ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जो दानदाता परिवार द्वारा संपन्न किया गया। यात्रा में भगवान के इंद्र-इंद्राणी बनने का सौभाग्य सौ. कीर्ति वर्धमान पाटनी एवं वर्धमान शिखरचंद पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। शांति मंत्र का मान सौ. नीता प्रकाशचंद बडजाते एवं नेहा शुभम बडजाते परिवार को मिला। जलाभिषेक का मान विपीनकुमार, निलम, उन्नति, प्रज्वल पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। इक्षुरस अभिषेक का मान हेमलता नितीन माणिकचंद चुडीवाल, नारियल रस जिनेंद्र दिनेश बाकलीवाल परिवार, आम्ररस शकुंतला देवी, शर्मिला, मनोजकुमार, संगीता, कमलकुमार कासलीवाल परिवार, अनार रस नम्रता, प्रितेश, चंचल अजमेरा, मौसंबी रस दिलीपकुमार, शांताबाई, रितिक, काजल अजमेरा, दुग्ध अभिषेक सोनाली नितीन चुडीवाल, जितेंद्र सुरेंद्र कासलीवाल, शुभम कैलास पाटनी, नीरज राजकुमार पाटनी तथा घृत अभिषेक शोभाबाई अमोलकुमार, स्मिता, मोना पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ।

# आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज का द्वितीय समाधि स्मृति दिवस आचार्य छत्तीसी विधान कर मनाया गया

**जयपुर (विश्व परिवार)।** जन-जन के हृदय सम्राट, प्राणी मात्र के प्रति दया के भाव सदैव रखने वाले, आचार्य शिरोमणि श्री विद्यासागर जी महामुनिराज जी के द्वितीय समाधि स्मृति दिवस पर श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर,महारानी फार्म में मंदिर प्रबंध समिति के तत्वधान में मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में 18 फरवरी 2026 प्रात: 8-00 बजे से नित्य प्रतिदिन अभिषेक शांति धारा पूजा के पश्चात आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन विधानाचार्य अजीत जी शास्त्री के निर्देशन में किया गया। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया की उक्त विधान में सोधर्म इंद्र बनकर वीरेंद्र सुनंदा अजमेरा ने विधान पूजा करवायी इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष



कैलाश छाबड़ा, उपाध्यक्ष अरुण शाह, मंत्री राजेश बोहरा,वरिष्ठ एडवोकेट विमल कुमार जैन, वरिष्ठ समाज सेवी अनिल गदिया, अशोक जैन विधानसभा वाले बसंत बाकलीवाल, सन्तोष बाकलीवाल, सुनील जैन तिजारा वाले, कमल मालपुरा वाले आदि अनकों महानुभवों के साथ महिला - पुरुष उपस्थित होकर विधान पूजायें कीं। विधानाचार्य पंडित अजीत जी शास्त्री ने आचार्य श्री के उपकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूज्य आचार्य श्री जन-जन के परम आराध्य आचार्य थे, उन्होने जनजन के लिए अनेकों उपकार किये। अंत में सभी का आभार मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह द्वारा व्यक्त किया गया।

# राजस्व मंत्री ने नागरिकों के हितों से जुड़ी भू-अभिलेख पुस्तकों का किया विमोचन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने आज निवास कार्यालय में भू-अभिलेख नियमावली भाग 1 से 4 पुस्तक का विमोचन किया। श्री उमेश पटेल और श्री श्रीकांत वर्मा द्वारा लिखित इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग के सर्कुलर और आदेशों का संकलन है। अभी तक मार्केट में जो पुस्तक थी, उसके लेखक और प्रकाशक मध्य प्रदेश के हैं। इसके कारण मध्यप्रदेश के सर्कुलर और आदेश उस पुस्तक में मिलते हैं, परंतु छत्तीसगढ़ के नहीं।

अब इस पुस्तक में, वर्ष 2000 के बाद मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी सर्कुलर जो छत्तीसगढ़ राज्य में लागू नहीं है, उन्हें नहीं दिया गया है। छत्तीसगढ़ द्वारा जारी अद्यतन सर्कुलर को अध्याय-वार दिया गया है। परिशिष्ट के रूप में सर्वे, राजस्व वन भूमि के अभिलेख, गिरदावरी, डिजिटल क्रॉप सर्वे आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जारी लेटेस्ट सर्कुलर शामिल किए गए हैं।

# बोलखेड़ा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव चतुर्थ दिवस तपकल्याणक

■ महाराजा आदिकुमार को हुआ वैराग्य तो मुनि प्रणम्य सागर ने किए दीक्षा संस्कार

**कामां।** जम्बू स्वामी की तपोभूमि ग्राम बोलखेड़ा में वर्धमान पंच बालयति तीर्थ पर चल रहे जैन धर्म के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिवस तप कल्याणक के अवसर पर अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने कहा कि जैन धर्म में तप कल्याणक (दीक्षा कल्याणक) तीर्थंकर के जीवन का वह अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है, जब वे सांसारिक सुख-भोग त्यागकर आत्म-कल्याण के लिए दिगंबर दीक्षा धारण करते हैं। यह महोत्सव वैराग्य, वैचारिक शुद्धि और मोक्ष मार्ग के प्रारंभ का प्रतीक है, जो सांसारिक मोह



त्याग कर ज्ञान और आत्म-साधना (तपस्या) की ओर ले जाता है।

मुनि प्रणम्य सागर ने कहा कि आज महाराजा ऋषभनाथ अर्थात आदिकुमार की वैराग्य की अनुमोदना के लिए स्वयं इंद्र भी अपने मेघों के साथ आये हैं। बोलखेड़ा कि पावन धरा पर अतिशय हो रहे हैं। यह भूमि वास्तविक रूप से तपोभूमि है। उन्होंने कहा कि बिना वैराग्य के जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्त नही किया जा सकता है।

महाराज आदिकुमार का शासन उत्कृष्ठता के साथ चल रहा था कि एक दिन अप्सरा नीलांजना के नृत्य को देखकर वैराग्य की अनुभूति होती है। महाराजा आदिकुमार दीक्षा लेकर वन गमन को प्रस्थान करते हैं। लौकांतिक देवो का आगमन होता है। मनुष्य और देवो के मध्य पालकी उठाने का संवाद देखकर उपस्थित नर नारी भक्ति से सरोबार हो उठते हैं।

प्रतिष्ठाचार्य शुभम जैन व धीरज भैया के अनुसार आदिकुमार के दीक्षा प्रसंग में माता मरुदेवी आदिकुमार को रोकने का प्रयास करती हैं।तो माता के साथ सम्पूर्ण वातावरण भावुकता से भर उठता है। इस अवसर पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज द्वारा दीक्षा के संस्कार प्रदान किये जाते हैं वही श्रावकों व त्यागियों द्वारा नवीन पिच्छिका व कमण्डलु भी भेंट किये गए।

# आचार्य श्री विद्यासागरजी मुनिराज के द्वितीय समाधि दिवस पर मुनि श्री सम्भवसागर जी सम्वोधनार्थ ससंघ जिला जेल पहुंचे

**विदिशा।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज का दिनांक से आज द्वितीय समाधि दिवस है प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया इस अवसर पर शहर में कयी जनसेवा के कार्य संपन्न हुये तथा विद्यासागर गौ संवर्धन केंद्र उदयगिरि को गौ सेवा के लिये भी गौ सेवक पहुंचे एवं कच्छीभवन में निराश्रितों को भोजन कराया वंही निर्यापक श्रमण मुनि श्री सम्भवसागर महाराज मुनि श्री निस्सीम सागर महाराज एवं मुनि श्री संस्कार सागर महाराज जिला जेल पहुंचे एवं लगभग 260 कैदियों को उनके जीवन उद्धार के लिये अमृत बचनों से सम्वोधन दिया मुनि श्री ने कहा कि जीवन में भूल इंसान से ही होती है उन




भूलों को इंसान ही करता है,और इंसान ही सुधार करता है,उन्होंने बंदिओं के बीच क्रिकेट का उदाहरण प्रस्तुत करते हुये कहा कि जो खिलाड़ी जितना धैर्य और संयम के साथ अपने खेल का प्रदर्शन करता है वह खेल को जीत जाता है, जीवन भी एक टेस्ट मेंच है इसमें जो व्यक्ति इसमें पेसन्स बनाये रखता है वह अपने जीवन को आगे बड़ाता है वंही यदि आपने जीवन की इस पिच में जल्दबाजी की तो आऊट हो जाते है मुनि श्री ने कहा कि यदि एक पारी में आऊट भी हो गये हो तो कोई बात नहीं,जीवन के उद्धार के लिये जो अवसर आपको यंहा जेल में मिल रहा है।

# बहुमण्डल एवं वासुपूज्य जिनालय शाखा को द्वितीय स्थान मिलने पर किया सम्मानित

**तालबेहट (ललितपुर)।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या - 13 के वार्षिक अधिवेशन में नगर में संचालित भारतीय जैन मिलन बहुमण्डल शाखा एवं भारतीय जैन मिलन वासुपूज्य जिनालय शाखा को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या - 13 में संचालित झाँसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बाँदा, महोबा एवं टीकमगढ़ की 30 से अधिक शाखाओं द्वारा विगत वर्ष में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए शाखाओं को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए मंदिर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, महामंत्री प्रवीन भंडारी, कोषाध्यक्ष चक्रेश



जैन एवं मोदी विजय जैन ने दोनों शाखाओं को सम्मनित किया।

भारतीय जैन मिलन के अध्यक्ष विशाल जैन पवा ने कहा की पहली बार महिला एवं पुरुष वर्ग में नगर की दोनों शाखाओं को द्वितीय स्थान प्राप्त होना गौरव की बात हैं। भारतीय जैन मिलन हमेशा मित्रता, लगन और नम्रता के साथ धार्मिक, सामाजित एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहयोग करने की प्रेरणा देता है जिसमें मानव सेवा के साथ शिक्षा-स्वास्थ्य एवं तीर्थ क्षेत्र रक्षा के कार्य सर्वोपरि हैं।

# महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज से मिले मुख्यमंत्री



**रायपुर( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर में निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरि जी महाराज के साथ विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव,महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# विश्व शांति के लिए इस तरह के महायज्ञों से वातावरण शुद्ध होता है : राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज

**अशोक नगर।** जिले की सीमा पर स्थित खनियांधाना में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य हो रहे श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में अशोक नगर जैन समाज के प्रति निधि मंडल ने भाग लिया और परम पूज्य मुनि श्री को श्री फल भेंट किया इस दौरान विश्व शांति महायज्ञ में सवा करोड़ मंत्रो के साथ सौधर्म इन्द्र इंसान सनत कुमार महेन्द्र इन्द्र कुबेर इन्द्र महाज्ञय नायकों ने प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भ इया शुयश अशोक नगर के मंत्रोच्चार के बीच आहूतिया समर्पित की।

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने खनियांधाना से लौट कर



बताया कि पिछले सात दिनों से चल रहे श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव में हम सब भाग लेकर अपने पुण्य को बढ़ रहे हैं प्रतिष्ठा महोत्सव में हमारे ज़िले के वग्ला चौराहे पर के नव निर्मित मन्दिर में विशाल भगवान पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा स्थापित की जायेगी जिसकी प्रतिष्ठा इस महोत्सव में हो रही है आज अशोक नगर मुंगावली शाढ़ौरा पिपरई चन्देरी ईसागढ़ कदवया सहित पूरे जिले से बड़ी संख्या में भक्तों का समूह आया है और सभी इस विश्व शांति महायज्ञ में अपनी भक्ति समर्पित कर रहे हैं इस दौरान जैन समाज के महामंत्री राकेश अमरोद विपिन सिंघई शैलेन्द्र दददा हेमंत टडैया मनोज लल्ला सौरव वाझल सुनील मामा जैन युवा वर्ग सचिन एन एस रीनू जैन राहुल खजूरिया शालू भारत आलोक रानी पुर गोलू बाझल मोनू जैन सीमेंट ओपी धुर्रा अनिल जैन विनोद विजयपुरा सहित अन्य भक्त विशेष रूप से उपस्थित थे।


### मुंगावली सेवा दल के दिव्य घोष ने किया आकार्षित

जिले का सबसे पुराना सेवा दल श्री दिगम्बर जैन वीर सेवा दल का दिव्य घोष सभी के आकर्षण का केन्द्र बना था मुंगावली सेवा दल को गजरथ के आगे एवं परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के समक्ष भी वादन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस दौरान सेवा दल के चन्द्र कुमार मोदी अरविंद जैन मक्कू अशोक सर्राफ काली मोदी मुकेश जैन सहित पूरे दल ने बैन्ड बाजे हुए करते हुए तीन परिक्रमा करते हुए जय घोष किया

# सलेहा में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियाँ तेज

**सलेहा (म.प्र.)।** पावन नगरी सलेहा में आगामी पंचकल्याणक महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। परम पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं पावन सानिध्य में यह दिव्य आयोजन संपन्न होने जा रहा है। आचार्य श्री का मंगल विहार सलेहा की पुण्य भूमि की ओर निरंतर गतिमान है, जहाँ प्रतिदिन 30ङ्क35 किलोमीटर का कठिन विहार करते हुए वे धर्म प्रभावना का संदेश दे रहे हैं।

यह पंचकल्याणक महोत्सव नव निर्मित जिनालय में अत्यंत श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान एवं मोक्ष—इन पाँचों कल्याणकों की भव्य क्रियाएँ संपन्न होंगी। दूर-दूर से श्रद्धालुजन सलेहा



पहुँचकर धर्मलाभ लेने की तैयारी कर रहे हैं।


आचार्य श्री के आगमन को लेकर नगर में व्यापक स्तर पर स्वागत की तैयारियाँ चल रही हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है तथा विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह महोत्सव न केवल सलेहा, बल्कि समस्त विंध्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय क्षण होगा।

धर्म, संयम और साधना की इस पावन धारा में सहभागी बनकर श्रद्धालु अपने जीवन को धन्य करने के लिए उत्सुक हैं।

कटनी में 19 फरवरी को मंगल प्रवेश, 23 फरवरी को सलेहा में पंचकल्याणक हेतु भव्य आयोजन

कटनी नगरी में 19 फरवरी को परम पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश होने जा रहा है। उनके पावन सान्निध्य से संपूर्ण क्षेत्र धर्ममय वातावरण में सराबोर होगा।

# घर के मुख्य द्वार पर गणेश प्रतिमा रखते समय न करें ये गलतियां



वैसे तो वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के मुख्य द्वार पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित करना शुभ माना जाता है, क्योंकि वे विघ्नहर्ता हैं और घर को बुरी नजर और नकारात्मक ऊर्जा से बचाते हैं। यदि आप भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर नवीन गृह प्रवेश कर रहे हैं या घर में तथा घर के दरवाजे पर श्रीगणेश की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित करने की सोच रहे हैं तो कुछ नियम जान लेना उचित होगा। वास्तु शास्त्र में इसके लिए कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका पालन करना महत्वपूर्ण है। यदि इन नियमों का पालन न किया जाए, तो यह नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। यहां कुछ गलतियां दर्शाई जा रही हैं जो घर के मुख्य द्वार पर गणेश प्रतिमा रखते समय नहीं करनी चाहिए:

**1. गलत दिशा:**

■ वास्तु शास्त्र के अनुसार, मुख्य द्वार पर गणेश प्रतिमा लगाने के लिए उत्तर, पूर्व या ईशान (उत्तर-पूर्व) दिशा सबसे शुभ मानी जाती है।

■ दक्षिण दिशा की ओर गणेश प्रतिमा का मुख नहीं होना चाहिए, क्योंकि इस दिशा को नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश द्वार माना जाता है। यदि मुख्य द्वार दक्षिण में है, तो प्रतिमा इस प्रकार लगाएं कि उनका मुख घर के अंदर की ओर हो।

■ पश्चिम दिशा भी मुख्य द्वार पर गणेश प्रतिमा लगाने के लिए बहुत अनुकूल नहीं मानी जाती है। यदि इस दिशा में द्वार है, तो वास्तु विशेषज्ञ से सलाह लेना उचित है।

**2. पीठ का ध्यान न रखना:**

■ यह सुनिश्चित करें कि गणेश प्रतिमा की पीठ घर के बाहर की ओर हो। उनकी पीठ घर की ओर होना शुभ नहीं माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि गणेश जी की पीठ में दरिद्रता का वास होता है।

■ यदि आप दो गणेश प्रतिमाएं मुख्य द्वार पर लगा रहे हैं, तो उन्हें इस प्रकार लगाएं कि दोनों की पीठ एक-दूसरे की ओर हो, न कि घर की ओर।

**3. टूटी या खंडित प्रतिमा:**

■ कभी भी टूटी हुई या खंडित गणेश प्रतिमा को मुख्य द्वार पर न रखें। वास्तु शास्त्र में खंडित मूर्तियों को अशुभ माना जाता है।

**4. गलत मुद्रा:**

■ मुख्य द्वार पर बैठी हुई मुद्रा वाली गणेश प्रतिमा लगाना शुभ माना जाता है, जो स्थिरता और शांति का प्रतीक है।

■ खड़ी मुद्रा वाली प्रतिमा को प्रवेश द्वार पर लगाने से बचें, क्योंकि यह ऊर्जा के प्रवाह को अस्थिर कर सकती है।

■ लेटी हुई मुद्रा वाली गणेश प्रतिमा घर के अंदर शयन कक्ष में लगाई जाती है, मुख्य द्वार पर नहीं।

**5.सूंड़ की दिशा:**


■ गणेश प्रतिमा की सूंड़ का भी वास्तु में महत्व है। घर के मुख्य द्वार के लिए बाईं ओर मुड़ी हुई सूंड़ वाली प्रतिमा को अधिक शुभ माना जाता है, जो सुख और समृद्धि का प्रतीक है। दाईं ओर मुड़ी हुई सूंड़ वाली प्रतिमा को सिद्धि विनायक माना जाता है और इसकी पूजा के नियम थोड़े कठिन होते हैं, इसलिए इसे घर के अंदर मंदिर में स्थापित करना अधिक उचित है।

# रात में सोने से पहले कर लें ये 3 काम





आजकल ज्यादातर लोग रात में सोने से पहले अपने फोन को ही स्क्रॉल करते रहते हैं। कई बार तो ये आदत इतनी बढ़ जाती है कि 10 मिटन से कब एक-दो घंटे हो जाते हैं, कुछ पता ही नहीं चलता है। इसका असर ना सिर्फ हमारी नींद पर पड़ता है, बल्कि मन और शरीर भी थकान महसूस करते हैं। वास्तु शास्त्र के कुछ नियमों के अनुसार अगर हम सोने से पहले कुछ अच्छी आदतों को अपना लें तो घर की नेगेटिव एनर्जी दूर हो जाती है। इन आदतों के चलते ही जिंदगी में पॉजिटिविटी और बरकत आती है। साथ ही सही नियम का पालन करने से हमारी मन भी शांत रहने लगता है शरीर भी सही रहता है। आज जानेंगे वास्तु शास्त्र के उन तीन आसान से नियमों के बारे में जो हमें सोने से पहले जरूर करने चाहिए ताकि हमारी जिंदगी में सुख-शांति बनी रहें और घर में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहें।



**1** वास्तु शास्त्र के नियम के हिसाब से सोने से पहले ड्रॉवर के पास हमें तांबे का एक कलश रखना चाहिए,क्योंकि इससे मन शांत रहता है। साथ ही नींद भी अच्छी आती है। ये कलश साइज में छोटा या बड़ा हो सकता है। इसमें साफ पानी भरकर रख दें और फिर सो जाएं। नियम के अनुसार ऐसा करना बहुत ही शुभ होता है। जिन लोगों को नींद से जुड़ी दिक्कत होती है, उन्हें ये उपाय जरूर करना चाहिए। सुबह उठने के बाद इस कलश के पानी को अपने गार्डेन एरिया में डाल देना चाहिए।

**2** कई लोग किचन में जूठे बर्तन छोड़ देते हैं कि अगली सुबह इन्हें साफ कर लिया जाएगा। ऐसा करना गलत है। अगर सोने से पहले किचन में जूठे बर्तन छोड़े जाते हैं तो इससे घर में नेगेटिविटी आती और घर का वास्तु भी खराब होता है। ऐसे में सोने से पहले ये सुनिश्चित करना चाहिए कि सारे बर्तन साफ कर लिए जाए। इसके अलावा सोने से पहले किचन को भी साफ करना शुभ माना जाता है। वास्तु के अनुसार ऐसा करने से घर में धन-धान्य की कोई भी कमी नहीं होती है और बरकत भी आती है।



**3** सबसे जरूरी बात है कि आप किस दिशा की ओर सो रहे हैं। वास्तु शास्त्र में दिशा का बहुत ही महत्व होता है। ऐसे में सही दिशा में सोना जरूरी है। वास्तु शास्त्र के अनुसार उत्तर दिशा की ओर सिर रखकर सोने से हर किसी को बचना चाहिए। जब भी उत्तर दिशा में सोया जाएगा तो पैर दक्षिण दिशा की ओर होंगे, जोकि अच्छा नहीं माना जाता है। ये भी सुनिश्चित कर लें कि आपका बेड उत्तर-पूर्व दिशा की ओर ना हो।

# हेयरस्टाइल को बनाते समय इस ट्रिक को जरूर फॉलो करें



काफी सारी लेडीज जिनकी एज 30 के ऊपर होने लगती है। अक्सर उनका लुक अपनी एज से ज्यादा नजर आने लगता है। दरअसल, आपके एज वाले लुक का कारण कई बार हेयरस्टाइल होती है। अगर आप यूथफुल डिजाइन वाले हेयरस्टाइल बनाती हैं तो इंस्टेंटली अपनी एज से कम उमर की नजर आएंगी। और काफी सारे मेकअप आर्टिस्ट इस बारे में नहीं बताते। लेकिन फेस पर लिफ्टेड लुक चाहिए तो हेयरस्टाइल बनाते समय बस इस सिंपल ट्रिक को ट्राई करें।

## हेयरस्टाइल बनाने का ये तरीका

अगर आप थोड़ा गर्ली लुक क्रिएट करना चाहती हैं। या फेस पर यूथफुल इफेक्ट चाहती हैं तो हेयरस्टाइल को इग्नोर ना करें। थोड़ा गर्ली लुक क्रिएट करने वाली हेयरस्टाइल आपको इंस्टेंट तरीके से एज से कम दिखाने में मदद करेगी।

## यंग लुक के लिए हेयरस्टाइल सीक्रेट

हेयरस्टाइल से खुद को यंग दिखाने का सीक्रेट कंटेंट क्रिएटर फैजा शोएब ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। फैजा ने बताया है कि कैसे कानों के पास साइड वाले हेयर को ऊपर की तरफ हल्का पुल करके पिन से सेट कर लिया जाए और फिर किसी भी तरह ही हेयरस्टाइल को क्रिएट करें। तो ऐसा करने से चिक बोंस के साथ साइड से फेस ना केवल ज्यादा अपलिफ्ट नजर आता है। बल्कि इंस्टेंटली आप उम्र से कम भी नजर आने लगती है। खासतौर पर जिन लेडीज का फेस हैवी है उन्हें ये खींचकर हेयरस्टाइल बनाने की ट्रिक को जरूर फॉलो करना चाहिए। इससे फेस ना केवल थोड़ा स्लिम दिखेगा बल्कि यंग और अपलिफ्ट नजर आएगा।

## बनाएं ये हेयरस्टाइल

फ्रंट पार्टीशन हेयरस्टाइल बनाना चाहती हैं तो बालों को फ्रंट से दो सेक्शन में कर लें। फिर वन साइड के बालों में टेंपल एरिया के बालों को कंघी करके निकालें और इन्हें पीछे की तरफ ले जाकर पिन से सेट कर लें। या फिर दोनों तरफ से टेंपल एरिया के बालों को खींचकर पीछे की ओर ले जाकर रबरबैंड से फिक्स कर लें। फिर फ्रंट के बालों को कंघी से सेट करके उन्हें पीछे की तरफ पिनअप करें या फिर साइड पार्टीशन करके छोड़ दें।

# नाइट स्किन केयर का आसान फॉर्मूला



हर कोई चाहता है कि उसका चेहरा साफ, चमकदार और हेल्दी दिखे, लेकिन प्रदूषण, धूल-मिट्टी और बिजी लाइफस्टाइल स्किन की चमक छीन लेते हैं। ऐसे में लोग महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का सहारा लेते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, रात का समय स्किन रिपेयर के लिए सबसे बेहतर होता है और कुछ घरेलू चीजों का नियमित इस्तेमाल चेहरे की रंगत निखार सकता है।

## रात का समय क्यों है स्किन के लिए खास

*दिनभर स्किन धूप, धूल और प्रदूषण के संपर्क में रहती है। रात के समय शरीर और त्वचा खुद को रिपेयर करती है। इसी वजह से अगर सोने से पहले सही चीजें लगाई जाएं, तो उनका असर ज्यादा बेहतर दिखाई देता है।*

**1. कच्चा दूध:** नेचुरल क्लींजर और ग्लो बूस्टर

कच्चा दूध लंबे समय से स्किन केयर में इस्तेमाल होता आ रहा है। इसमें मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को साफ करने और निखारने में मदद करता है। इस्तेमाल के लिए 1-2 चम्मच कच्चा दूध लें, रुई की मदद से चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। चाहें तो इसे दोबारा लगाकर 20 मिनट बाद ठंडे पानी से धो सकते हैं या रातभर छोड़ सकते हैं। इससे चेहरे की गंदगी निकलती है और टैनिंग कम होती है।



**2. बादाम का तेल:** ड्रायनेस और डार्क सर्कल्स का समाधान

अगर चेहरा रूखा लगता है या आंखों के नीचे काले घेरे हैं, तो बादाम का तेल फायदेमंद हो सकता है। इसमें विटामिन-ई भरपूर मात्रा में होता है, जो त्वचा को पोषण देता है। रात को 2-3 बूंद बादाम का तेल चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से थपथपाएं और आंखों के नीचे हल्की मसाज करें। यह स्किन में नमी लाकर नेचुरल ग्लो देता है।

**3. एलोवेरा जेल:** हर स्किन टाइप के लिए फायदेमंद

एलोवेरा जेल को स्किन के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह त्वचा को ठंडक, नमी और राहत देता है। सोने से पहले चेहरा धोकर फ्रेश एलोवेरा जेल लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे रातभर लगा रहने दें। इससे कील-मुंहासों के दाग हल्के हो सकते हैं और त्वचा मुलायम बनती है।



# टमाटर से बना हलवा

**टमाटर का हलवा न सिर्फ टेस्ट में बेहतरीन होता है, बल्कि पोषण से भरपूर भी होता है। बच्चों से लेकर बड़ों तक, यह स्वीट डिश सभी को खूब पसंद आती है। अगर आप वीकेंड पर किचन में कुछ नया एक्सपेरिमेंट करना चाहते हैं, तो टमाटर का हलवा एक परफेक्ट ऑप्शन है। आइए जानते हैं इसे**

लौकी और गाजर का हलवा आपने कई बार खाया होगा, लेकिन अगर हर बार वही स्वाद खाकर बोर हो गए हैं, तो इस बार कुछ हटकर ट्राई कीजिए। टमाटर से बना हलवा सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन इसका स्वाद इतना लाजवाब होता है कि एक बार खाने के बाद हर कोई इसकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाएगा। आमतौर पर टमाटर का इस्तेमाल स जी, सलाद या चटनी में किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे स्वादिष्ट मीठा भी बनाया जा सकता है?

## बनाने की आसान रेसिपी।

टमाटर का हलवा बनाने की सामग्री

टमाटर - 10 से 12,चीनी - 2 कप,घी - आधा कप,काजू - 20,किशमिश - 2 चम्मच,हरी इलायची - 6,लौंग - 4,तुलसी के पत्ते - 1/4 कप,गुलाब की पंखुड़ियां - 1/4 कप

## टमाटर का हलवा बनाने की विधि

स्टेप 1 – सबसे पहले टमाटरों को अच्छी तरह धो लें। ऊपर से डंठल निकालें और नीचे हल्का सा क्रॉस कट लगाएं। अब इन्हें उबलते पानी में 2–3 मिनट के लिए डाल दें। जब छिलका ढीला हो जाए, तो टमाटर निकालकर छील लें और बीज अलग कर दें। गूदा और रस एक तरफ रख दें।

स्टेप 2 – हरी इलायची को 1 चम्मच चीनी के साथ कूटकर बारीक पाउडर बना लें। कढ़ाई में 2 चम्मच घी डालकर काजू और किशमिश को हल्का सुनहरा होने तक भून लें और अलग निकाल लें। तुलसी के पत्तों और गुलाब की पंखुड़ियों को धोकर बारीक काट लें।



स्टेप 3 – एक बर्तन में आधी चीनी और आधा कप पानी डालकर हल्की चाशनी तैयार करें। दूसरी ओर कढ़ाई में घी गरम करें, उसमें लौंग डालें और फिर टमाटर का गूदा डालकर धीमी आंच पर पकाएं। जब टमाटर का पानी सूख जाए और मिश्रण गाढ़ा होने लगे, तब अगला स्टेप करें।




स्टेप 4 – अब आंच थोड़ा तेज करें और तैयार चाशनी को धीरे-धीरे टमाटर के मिश्रण में मिलाएं। लगातार चलाते रहें। जब हलवा कढ़ाई छोड़ने लगे और अच्छी खुशबू आने लगे, तो समझ लें कि हलवा तैयार है।

स्टेप 5 – अंत में इलायची पाउडर, तुलसी के पत्ते और गुलाब की पंखुड़ियां डालें। ऊपर से भुने हुए काजू और किशमिश डालकर अच्छी तरह मिलाएं। गरमागरम टमाटर का हलवा परोसें।

# छाती में दुर्लभ सिस्ट से पीड़ित मरीज की रोबोटिक सर्जरी

परेल स्थित ग्लेनेईगल्स अस्पताल में 43 वर्षीय मरीज राहुल जगताप का अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी द्वारा सफल इलाज किया गया। मरीज पिछले दो महीनों से छाती में जलन, भारीपन और दबाव की समस्या से परेशान थे। विस्तृत जांच में छाती के अंदर एक दुर्लभ इसोफेगल डुप्लिकेशन सिस्ट पाई गई, जो भोजन नली और हृदय पर दबाव डाल रही थी। सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं मिनिमल एक्सेस सर्जरी डायरेक्टर डॉ. प्रशांत राव के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने पारंपरिक ओपन सर्जरी के बजाय रोबोटिक, मिनिमली इनवेसिव सर्जरी का विकल्प चुना। जनवरी 2026 में की गई सर्जरी सफल रही और सिस्ट को सुरक्षित रूप से निकाल दिया गया। सर्जरी के चौथे दिन मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल के सीईओ डॉ. बिपीन चेवले ने बताया कि इस जटिल प्रक्रिया में उन्नत रोबोटिक तकनीक का उपयोग किया गया, जिससे सर्जरी अधिक सटीक, सुरक्षित और कम दर्द वाली रही। इस तकनीक से मरीज तेजी से स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकता है। मरीज राहुल जगताप ने अस्पताल की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर सही निदान और आधुनिक उपचार से उन्हें नई जिंदगी मिली है।



# न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा मल्टीपल स्क्लेरोसिस का इलाज

**ऑनलाइन स्वास्थ्य जानकारी के आधार पर खुद को गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से ग्रस्त मान बैठी 32 वर्षीय एक महिला को आखिरकार विशेषज्ञ परामर्श के बाद राहत मिली। लगातार थकान को मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) समझ लेने के कारण वह मानसिक तनाव में थी और अपने महत्वपूर्ण जीवन निर्णय तक टाल चुकी थी। महिला ने इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी पढ़ने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि उसे मल्टीपल स्क्लेरोसिस है। हालांकि उसके पास केवल एक ही लक्षण था — लगातार थकान। न दृष्टि संबंधी समस्या, न हाथ-पैरों में कमजोरी, न संवेदनशीलता में बदलाव और न ही किसी न्यूरोलॉजिकल अटैक का इतिहास था। इसके बावजूद गंभीर बीमारी के डर ने उस पर गहरा मानसिक प्रभाव डाला और उसने अपनी नियोजित आईवीएफ प्रक्रिया भी स्थगित कर दी।**





मामला तब स्पष्ट हुआ जब उसने डॉ. शीतल गोयल, कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट, वॉकहार्ट अस्पताल - मुंबई सेंट्रल, से परामर्श लिया। डॉक्टर ने बताया कि जब उनसे पूछा गया कि एमएस का निदान किसने किया, तो महिला ने जवाब दिया – "ChatGPT।"अस्पताल की ओपीडी में विस्तृत क्लिनिकल जांच की गई। विशेषज्ञ मूल्यांकन में पाया गया कि मरीज के लक्षण मल्टीपल स्क्लेरोसिस के स्थापित निदान मानकों से मेल नहीं खाते। अंततः डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि महिला को एमएस नहीं, बल्कि तनाव से जुड़ी थकान और चिंता की समस्या है। डॉ. गोयल ने कहा, "उस दिन हमारा काम किसी बीमारी का इलाज करना नहीं, बल्कि एक गलत धारणा को दूर करना और मरीज को अनावश्यक भय से मुक्त करना था।"एमएस की आशंका समाप्त होने के बाद महिला ने राहत महसूस की और अपनी आईवीएफ योजना को फिर से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।विशेषज्ञों का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन वे चिकित्सकीय मूल्यांकन और क्लिनिकल निर्णय का विकल्प नहीं हैं। थकान एक सामान्य लक्षण है, जबकि मल्टीपल स्क्लेरोसिस अपेक्षाकृत दुर्लभ बीमारी है। सही निदान के लिए विस्तृत रोग-इतिहास, शारीरिक परीक्षण और विशेषज्ञ व्याख्या आवश्यक है।यह मामला दर्शाता है कि डिजिटल युग में जानकारी आसानी से उपलब्ध है, लेकिन अंतिम पुष्टि, संदर्भ और मानसिक आश्वासन अब भी चिकित्सकीय विशेषज्ञता से ही संभव है।

# 26 फरवरी को पीएम आवास की लाटरी होगी आयोजित




**भिलाईनगर( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी. किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निगम सभागार कक्ष में 26 फरवरी 2026 को समय 12:30 बजे लाटरी आयोजित किया गया है।

सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही से 75000 रूपये निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। उक्त तिथि को नियमानुसार लाटरी पद्धति का आयोजन कर हितग्राहियों को आवास आबंटन का लाभ दिया जायेगा।

लाटरी में वरिष्ठ नागरिकगण, दिव्यांगजन एवं अन्य आवेदकों को सम्मिलित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राही निर्धारित तिथि एवं दिन को समय पर उपस्थित होकर आवास आबंटन की लाटरी में भाग ले सकते है और आवास पा सकते है।

# नगरीय नियोजन विभाग अध्यक्ष मनोज वर्मा ने किया फेरी वालों से बैठक

- यातायात व्यवस्था हेतु सभी व्यापारियों से सहयोग करने की अपील




**रायपुर( विश्व परिवार )।** महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देशानुसार नगर निगम नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्षमनोज वर्मा ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, नगर निवेशक आभास मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, उपायुक्त राजस्व श्रीमती जागृति साहू, जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, सहायक अभियंता श्री नीतीश झा सहित यातायात पुलिस नगर निगम नगर निवेश विभाग, जोन 2 नगर निगम बाजार विभाग के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक मौदहापारा संडे बाजार में व्यवसाय करने वाले लगभग 100 फेरी वालो की बैठक ली। श्री मनोज वर्मा ने फेरी वालो को शहर हित में जनसुविधा की दृष्टि से मौदहापारा संडे बाजार की सुचारू व्यवस्था कायम करने रायपुर नगर पालिक निगम और यातायात पुलिस प्रशासन को सहयोग देने की अपील की। नगर निगम नगर निवेशक श्री आभास मिश्रा ने सभी फेरी वालो को जनहित में जनसुविधा हेतु मौदहापारा संडे बाजार का सुव्यवस्थित संचालन राजधानी शहर में करने लोककल्याण हेतु निर्धारित नई नियमावली की जानकारी दी।

# छत्तीसगढ़ प्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ग्यालशिंग जिले का दौरा किया

**गंगटोक।** छत्तीसगढ़ के ग्यारह सदस्यीय पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने आज ग्यालशिंग जिले का दौरा किया। यह दौरा एक आधिकारिक एक्सपोज़र विज़िट का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राज्य भर में कार्यान्वित की जा रही प्रमुख केंद्रीय और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और विभिन्न विकासात्मक पहलों का अवलोकन करना है।



इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी, रायपुर) के यंग प्रोफेशनल, श्री पुरुषोत्तम झा और पीआईबी गंगटोक के अधिकारियों द्वारा किया गया। इस टीम में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधित्व करने वाले दस पत्रकार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल सिक्किम में अपनाई गई शासन पद्धतियों, सेवा वितरण तंत्र और जमीनी स्तर के विकास मॉडलों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए दौरे पर है। ग्यालशिंग पहुँचने पर, अपर जिला कलेक्टर (एडीसी), ग्यालशिंग, श्री सुरेश राय और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (आईपीआरडी), ग्यालशिंग के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। टीम का पारंपरिक खादा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आभार व्यक्त करते हुए, श्री झा और उनकी टीम ने जिला प्रशासन और आईपीआरडी अधिकारियों को उनके स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने जिले की विभिन्न पहलों और चल रहे विकासात्मक प्रयासों को समझने के अवसर की सराहना की। वरिष्ठ सूचना सहायक (एसआईए), आईपीआरडी ग्यालशिंग, श्री विशाल शंकर दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल के साथ रहे।

# एनआईटी रायपुर में पूर्व छात्रों के सहयोग से नव-निर्मित स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में 18 फरवरी 2026 को चार नव-निर्मित स्मार्ट कक्षाओं स्न-39, त्न-37, त्न-4 और त्न-41 का उद्घाटन किया गया। इन कक्षाओं का विकास वर्ष 1992 एवं 1994 बैच के पूर्व छात्रों, एसबीएल एनर्जी लिमिटेड तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 1985 बैच के श्री नंद कुमार वर्मा के उदार सहयोग से किया गया है। यह पहल संस्थान की शैक्षणिक अधोसंरचना और शिक्षण सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उद्घाटन समारोह में एन आई टी रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के माननीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण




**जशपुर( विश्व परिवार )।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने जशपुर जिले के डांडटोली में कोल विद्रोह के महानायक, अमर शहीद वीर बुधु भगत की 234 वीं जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उरांव समाज के लिए निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया तथा उपस्थित जनसमूह को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि अमर शहीद वीर बुधु भगत ने जनजातीय अस्मिता, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका जीवन संघर्ष, साहस और संगठन शक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास के संरक्षण तथा नई पीढ़ी तक उसके प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**e-Procurement Tender Notice Main Portal: http://eproc.state.gov.in**
**2nd call**

NIT NO: 897/PWD/Zone-9/2026 RAIPUR DATED: 16.02/2026

Online bids are invited for the following works of works up to Date 10/03/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 185719 | विधायक निधि के तहत महात्मा गांधी वार्ड क्र. 08 सतनामी पारा सडडू के पास सामुदायिक भवन के प्रथम तल में भवन तथा शौचालय निर्माण कार्य | 1000000/- | 7500/- | Class-D & above | 6 माह | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 16/02/2026 17.30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। कार्य क्रमांक 01 निविदा शुल्क राशि रु. 750/- मात्र देय डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को दवें

Zone Commissioner
ZONE-9 MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

## छात्रों की चिंता को लेकर सीबीएसई कार्यालय पहुंचे प्रवीण जैन



**रायपुर( विश्व परिवार )।** आज अधिवक्ता प्रवीण जैन, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी स्पोर्ट्स सेल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ष्टक्चस्श्व) के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में क्षेत्रीय निदेशक से मुलाकात कर कक्षा 10वीं गणित (बेसिक) प्रश्नपत्र की कठिनाई को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि इस वर्ष आयोजित गणित (बेसिक) का प्रश्नपत्र अपेक्षा से अधिक कठिन रहा, जिसके कारण हजारों विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2025_135 Dt. 18.02.2026 RFX No. 8100049603 | **Revised Estimate for shifting of 11 KV X'mer DP Chhotapara From Dixit X'mer under Mukhmantri Shahri Vidutikaran Yojna in Budhapara Zone Raipur under BPZ under City Central Dn. Raipur. 76-020-5160-2025 dt. 27.01.26. R60020250486. (MM-15) Amt. 1491399.00** | 9,86,533/- | Dt. 10.03.2026 upto 02:30 PM | Dt. 10.03.2026 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

SAVE ELECTRICITY
samvad- 46943/2
**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /28030/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 16-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28030**
**वार्ड का नाम- 32 - महर्षि वाल्मीकि वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328J0366A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NILAM JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O ASHOK KUMAR JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUMIT SINGHAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI NARESH SINGHAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./28701/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 18-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28701**
**वार्ड का नाम- 13-राजीव गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 13 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223J00023** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PUSHPENDRA DHURVE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GHANSHYAM DHURVE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती गीता छुरा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री बालकृष्ण छुरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, बिक्रीनामा,** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./28752/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 18-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28752**
**वार्ड का नाम-27-इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737E00134** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJKUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **REVACHAND CHAWLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती मधु नवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री राम नवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /28736/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28736**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801Q00090** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GHASIDAS KOSALE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANJAR DAS KOSALE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANGEETA KOSHLE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GHASEEDAS KOSHLE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28537/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28537**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446B00168** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAJUL LAND KABIJ - SONA RAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHETAR RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHISHMA CHHURA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TIKRAM CHHURA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28585/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 17-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28585**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446D00773** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANDHYA GOSWAMI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. JAYANT GOSWAMI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARIJIT GOSWAMI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAYANT GOSWAMI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28654/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 17-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28654**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446I00121** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHYAM KISHOR GUPTA , NAND KISHOR GUPTA, MANISH KUMAR GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIVNATH PRASAD GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **S.H.N.I. LEAGUE CONSULTANCY AND SOLUTIONS PVT LTD DWARA 1. SAURABH DIWAN 2. RAKESH CHANDRA DIWAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. RAKESH CHANDRA DIWAN 2. LAXMI NARAYAN DIWAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28657/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 17-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28657**
**वार्ड का नाम- 56 - ले अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446D00062** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUDHIR BHAGAT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANHAIYA BHAGAT** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHREE CHAND KALANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. SAWAL DAS KALANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28658/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28658**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652L0281A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJKUMARI MARKAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BALRAM SINGH MARKAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AVINASH MARKAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. BALRAM MARKAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28695/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28695**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J00724** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JAYASHREE CHOUDHURY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJAT CHOUDHURY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUPRIYA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28742/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28742**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445G00132** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMCHAND DANWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **THAVARDAS DANWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAROJ GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIRENDRA GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./28723/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 18-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28723**
**वार्ड का नाम-12 - कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330D00321** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TRIPURA BASTIYA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O DASRATHI BASTIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TEJ PRAKASH SINHA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O HIRA RAM SINHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026



### छग झेरिया यादव समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 22 को

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छग झेरिया यादव समाज द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का आयोजन 22 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे यादव समाज भवन महादेव घाट रायपुरा में आयोजित किया गया है। उक्त समारोह में 21 जोड़ों का विवाह करने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में यादव समाज के प्रदेश सचिव सुंदर यादव ने दी। यादव ने पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव होंगे।

### गुरु घासीदास के अनुयायियों का दल पावन गिरौदपुरी धाम के लिए हुआ रवाना

## सीएम ने 'विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा' का किया शुभारंभ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के मोवा स्थित सतनाम भवन परिसर से विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने धार्मिक विधि-विधान के साथ पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर पावन गिरौदपुरी धाम के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पवित्र जैतखाम की पूजा-अर्चना कर गुरु घासीदास बाबा का पुण्य स्मरण किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



मुख्यमंत्री साय ने पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और सामाजिक बंधुओं से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा का मनखे-मनखे एक समान का संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पदयात्रा समाज में सद्भावना, समरसता और भाईचारे को और सुदृढ़ करेगी। श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा सामाजिक हितों को गति देने हेतु विशेष प्राधिकरण का गठन भी किया गया है। पदयात्रा के उपरांत विशाल मेले के आयोजन की जानकारी भी उन्होंने दी। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह पदयात्रा सामाजिक समरसता, मानव कल्याण और एकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी से सामाजिक भेदभाव और द्वेष से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में धर्मगुरु गुरु श्री बालदास साहेब, विधायक श्री ललित चंद्राकर, विधायक श्री मोतीलाल साहू, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, संत समाज के प्रतिनिधि एवं सर्व समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि रायपुर से गिरौदपुरी धाम तक प्रस्तावित विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का आयोजन 18 से 22 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। पदयात्रा का उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

## संडे बाजार में दुकान लगाने वाले सभी दुकानदारों को देना होगा पहचान पत्र



■ महापौर मीनल के नगर निवेश अधिकारियों को सख्त निर्देश

**रायपुर( विश्व परिवार )।** अब रायपुर शहर के मौदहापारा में लगने वाले सन्डे बाजार के प्रत्येक फेरी वाले को अपना पहचान पत्र रायपुर नगर पालिक निगम को देना होगा, वहीं शहर के समस्त गेंट्री गेट के दोनों छोर पर दिशा सूचक जानकारी नागरिकों को स्पष्ट दिखेगी. इसमें अनुबंध की शर्तों का नियमानुसार कड़ाई से जनसुविधा हेतु पालन करवाने की सख्त हिदायत महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निवेश विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को दी है.

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने राजधानी शहर में नियमित लगने वाले संडे बाजार को व्यवस्थित करके सडक मार्ग यातायात सुगम बनाने आवश्यक कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश नगर निगम रायपुर के सम्बंधित अधिकारियों को दिये है।

आज महापौर कक्ष में महापौर ने नगर निगम नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा सहित नगर निवेशक श्री आभास मिश्रा, कार्यपालन अभियंता श्री आशुतोष सिंह, सहायक अभियंता श्री नितिश झा, श्री सोहन गुप्ता, उपअभियंता श्री अमित सरकार की उपस्थिति में आवश्यक बैठक लेकर जनसुविधा एवं जनहित का विशेष ध्यान रखकर संडे बाजार की व्यवस्था को नगर में सभी के लिए व्यवस्थित बनाने नगर निगम, बाजार विभाग, नगर निवेश विभाग, यातायात पुलिस प्रशासन, नगर निगम जोन 2 की टीम के साथ मिलकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये।

## छत्तीसगढ़ मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने भारत के पहले ग्लास स्काईवॉक का दौरा किया

**सिक्किम ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने आज पेलिंग ग्लास स्काईवॉक और दुनिया की सबसे ऊंची चेनरेज़िग प्रतिमा का दौरा किया, जो उनके सात दिवसीय मीडिया दौरे का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। यह दौरा वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन में सिक्किम के बढ़ते प्रभुत्व को रेखांकित करता है, जो केंद्रीय बजट 2026-27 के उस प्रस्ताव के साथ मेल खाता है जिसमें पूर्वोत्तर में बौद्ध सर्किट के विकास के लिए एक समर्पित योजना शुरू करने की बात कही गई है।



पत्रकारों ने 7,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित भारत के पहले पारदर्शी पुल, पेलिंग ग्लास स्काईवॉक का अनुभव किया। इंजीनियरिंग का यह अद्भुत नमूना 137 फीट ऊंची चेनरेज़िग प्रतिमा और आसपास की हिमालयी चोटियों का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है। इस स्थल के निकट 17वीं शताब्दी का सांगा चोएलिंग मठ स्थित है, जो राज्य के सबसे पुराने मठों में से एक है, जहाँ प्रतिनिधिमंडल ने वज्रयान बौद्ध धर्म के संरक्षण और साइट के दोनों ओर स्थित सुनहरे प्रार्थना चक्रों (प्रेयर व्हील्स) के सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। सिक्किम ने अब प्रतिमाओं के पवित्र त्रय को पूरा करके खुद को एक प्रमुख वैश्विक बौद्ध केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया है- दक्षिण सिक्किम में भगवान बुद्ध (130 फीट) और गुरु पद्मसंभव (135 फीट), और अब पश्चिम सिक्किम में चेनरेज़िग।

## संरक्षा के सजग प्रहरियों को महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने किया सम्मानित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है। इसी कड़ी में आज दिनांक 18 फरवरी, 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 07 कर्मचारियो को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा संबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश के द्वारा सम्मानित किया गया।



बिलासपुर रेल मण्डल के ट्रैक मैंटेनर-IV/ बाराद्वार श्री हिमांशु ने दिनांक 11 जनवरी, 2026 को अपने ड्यूटी के दौरान सक्ती - बाराद्वार सेक्शन के बीच रात्रि में ट्रैक पैट्रोलिंग के दौरान अप लाइन में किलो मीटर नं.- 645/17 पर रेल फ्रेक्चर देखा और तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया जिसके उपरांत आवश्यक कार्यवाही कर ट्रैक को ठीक किया गया। इस प्रकार श्री हिमांशु की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई।

बिलासपुर रेल मण्डल के ट्रैक मैंटेनर-IV/नैला चन्दन कुमार ने दिनांक 29 जनवरी, 2026 को अपने ड्यूटी के दौरान माल गाड़ी के इंजन से तीसरा वैगन में हॉट एक्सल देखा, तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया, जिसके उपरांत आवश्यक कार्यवाही कर गाड़ी को सुरक्षित रवाना किया गया। इस प्रकार श्री चन्दन कुमार की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई।

## संतोषी नगर मार्ग को जनहित में अभियान चलाकर किया गया अतिक्रमणमुक्त

**रायपुर( विश्व परिवार )।** रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और यातायात एसपी श्री अजय कुमार के निर्देशानुसार एएसपी यातायात श्री विवेक शुक्ला, नगर निगम अपर आयुक्त नगर निवेश श्री पंकज के. शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश श्री आशुतोष सिंह, नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव, जोन 10 जोन कमिश्नर श्री विवेकानंद दुबे सहित सम्बंधित यातायात पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उडन् दस्ता, नगर निगम जोन 6 एवं 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा राजधानी शहर नगर निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जोन 6, 10 क्षेत्र अंतर्गत संतोषी नगर मुख्य मार्ग में टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत बाजार क्षेत्र में विभिन्न प्रमुख मार्गो को अतिक्रमण से मुक्त करने व्यापक अभियान के अंतर्गत जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम और सुव्यवस्थित यातायात देने सभी दुकानदारों को पुन- एक बार समझाइश दी गयी कि वे सडक़ पर कब्जा ना करें, अन्यथा की स्थिति में सडक़ पर रखे उनके सामानों की यातायात जाम की समस्या दूर करने जनहित में सख्तीपूर्वक जब्ती कर ली जाएगी, इस स्थिति के निर्मित होने पर सम्बंधित कब्जाधारी दुकानदार स्वत- जिम्मेदार रहेंगे।

## केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा 11 जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरें अनुमोदित

**रायपुर( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में 20 नवम्बर 2025 से लागू नवीन गाइडलाइन दरों के संबंध में राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को आवश्यकतानुसार पुनरीक्षण प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करते हुए केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा 11 जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप राजनांदगांव, बस्तर, कबीरधाम, जशपुर, मुंगेली, कांकेर, कोण्डागांव, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इन प्रस्तावों पर विचार हेतु महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलों से प्राप्त गाइडलाइन दरों का परीक्षण कर व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया।

केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नवीन गाइडलाइन दरें उपरोक्त सभी 11 जिलों में दिनांक 18 फरवरी 2026 से प्रभावशील होंगी। इससे भूमि एवं संपत्ति पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता, वास्तविक बाजार मूल्यों के अनुरूप मूल्यांकन तथा नागरिकों को सुविधा सुनिश्चित होगी।

## भाठागांव की जर्जर सडक़ों को लेकर कांग्रेस का सत्याग्रह

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भाटागांव क्षेत्र की बदहाल सडक़ों और कछुआ चाल से चल रहे निर्माण कार्य के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अनोखा प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार कन्हैया अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक सडक़ के बीचों-बीच बने बड़े गड्ढों में बैठकर उपवास किया । शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन,नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्री आकाश तिवारी, उप नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती जयश्री नायक ब्लॉक अध्यक्ष समर्थन देने पहुंचे।




प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक एक वर्ष से बेहद नारकीय जीवन जी रहे हैं । धूल के कारण सांस से संबंधित अनेक बीमारियां हो रही है घरों के अंदर दुकानों के अंदर दिन भर धूल झाडऩे के बाद भी परत जमी रहती है । इससे क्षेत्र के नागरिकों को तत्काल मुक्त कराया जाए । उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे को क्षेत्र की जनता ने भरपूर समर्थन दिया परंतु इन जनप्रतिनिधियों ने समर्थन देने वाली इस जनता को धूल गड्ढों के बीच नरक का जीवन जीने के लिए छोड़ दिया है । शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन ने कहा कि रायपुर शहर में 6 -6 महापौर हो गए हैं काम कोई किसी को नहीं करने दे रहा है।

## कुरुद से अभनपुर के बीच नई ब्रॉड गेज लाइन का स्पीड ट्रायल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आज दिनांक 18.02.2026 को कुरुद से अभनपुर के बीच 22 किलोमीटर नई ब्रॉड गेज लाइन का स्पीड ट्रायल स्पेशल ट्रेन से कमिश्नर ऑफ़ रेलवे सेफ्टी (रेल संरक्षा आयुक्त) दक्षिण पूर्व सर्कल, कोलकाता के द्वारा किया गया। कुरुद से अभनपुर के बीच स्पीड 110 किलोमीटर प्रति घंटे से इसका निरीक्षण किया गया। कुरुद से स्पेशल ट्रेन 16.22 बजे शुरू होकर अभनपुर 16.40 बजे पहुंची और इस दौरान कुरुद से अभनपुर के बीच 22 किलोमीटर की दूरी



लगभग 18 मिनट मे पूरा किया गया। इस स्पीड ट्रायल के दौरान कमिश्नर ऑफ़ रेलवे सेफ्टी (रेल संरक्षा आयुक्त) दक्षिण पूर्व सर्कल/ कोलकाता श्री ब्रिजेश कुमार मिश्रा जी, अपर महाप्रबंधक श्री विजय कुमार साहू, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर श्री दयानंद जी सहित मंडल शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

### झारसुगूड़ा से नागपुर के मध्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्री लाभान्वित

## पटना एवं चर्लपल्ली के मध्य होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**रायपुर( विश्व परिवार )।** आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग पटना-चर्लपल्ली मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए सात होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन पटना एवं चर्लपल्ली के मध्य सात फेरे के लिये की जा रही है । यह गाड़ी प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को पटना से 03253 नंम्बर के साथ दिनांक 09 से 30 मार्च, 2026 तक (07 फेरे के लिए) तथा प्रत्येक बुधवार को चर्लपल्ली से 03254 नम्बर के साथ दिनांक 11 मार्च से 01 अप्रैल, 2026 तक (04 फेरे के लिए) चलेगी । प्रत्येक शुक्रवार को चर्लपल्ली से 03255 नम्बर के साथ दिनांक 13 से 27 मार्च, 2026 तक (03 फेरे के लिए) चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 01 एसएलआर, 02 सामान्य, 04 स्लीपर, 07 एसी थ्री, 07 एसी थ्री ईकोनोमी श्रेणी सहित कुल 22 कोच रहेगी।

### डोम एवं टेंट निर्माण कार्य प्रारंभ, निरीक्षण हेतु मेला स्थल पहुँची कैट टीम

## कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि 20 से 24 फरवरी 2026 तक राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित होने जा रहे नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 की तैयारियों ने अब जमीनी स्तर पर तेजी पकड़ ली है। एक्सपो के



अंतर्गत मेला स्थल पर डोम एवं टेंट निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ हो चुका है। इस अवसर पर तैयारियों का जायजा लेने हेतु Confederation of All India Traders (CAIT) की टीम आज मेला स्थल पहुँची और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ब्प्ज् के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी सहित कैट एवं युवा कैट के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। टीम ने डोम, ओपन स्टॉल्स, ऑटोमोबाइल जोन, फूड जोन, पिंक पवेलियन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर श्री अमर पारवानी ने कहा कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि देशभर के व्यापारियों के लिए अवसरों का महाकुंभ है। मेला स्थल पर निर्माण कार्य प्रारंभ होना इस बात का संकेत है कि अब यह आयोजन पूरी गति से आगे बढ़ चुका है। ष्टढ्ढञ्ज यह सुनिश्चित करेगा कि एक्सपो अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप आयोजित हो।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन ने बताया कि चार भव्य डोम, आकर्षक टेंट संरचनाएँ और थीम आधारित पवेलियन्स एक्सपो की भव्यता को नई पहचान देंगे। उन्होंने कहा कि एक्सपो के माध्यम से छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग को राष्ट्रीय मंच मिलेगा तथा वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त बल मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान कैट टीम ने समयबद्ध कार्य पूर्ण करने, सुरक्षा मानकों, आगंतुकों की सुविधा, पार्किंग, बिजली एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। टीम ने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और अधिक सुव्यवस्थित व आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 को लेकर व्यापारिक जगत में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। डोम एवं टेंट कार्य प्रारंभ होने के साथ ही यह आयोजन अब एक भव्य व्यापारिक महाआयोजन का रूप लेता हुआ दिखाई देने लगा है।

निरीक्षण हेतु मेला स्थल पर कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे:- अमर पारवानी, परमानन्द जैन, सुरिन्दर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, दीपक विधानी, कान्ति पटेल, डॉ. मनीष गुप्ता, शैलेन्द्र शुक्ला, हिमांषु वर्मा, अमित गुप्ता एंव मनीष सोनी, आदि।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
CMA DATA
BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन
फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354